उज्जैन
शनिवार
31
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-357
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 आदि कैलाश के दर्शन कर लौट रहे इंदौर के तिलक शर्मा की मौत

7 मनीषा विमेंस वर्ल्ड रेसलिंग जीतने वाली पहली भारतीय



200 करोड़ रु. की ठगी केस में नोरा फतेही को समन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नोरा फतेही को समन जारी किया गया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने नोरा फतेही को 2 नवंबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने उन्हें इस मामले में सरकारी गवाह के रूप में अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया है। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दाखिल तीसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट के आधार पर कोर्ट ने यह आदेश जारी किया है। दरअसल सुकेश पर आरोप है कि उसने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति सिंह से करीब 200 करोड़ रुपए की ठगी की थी। नोरा पर इन्हीं ठगी के पैसों से महंगे गिफ्ट्स लेने का आरोप है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मामले में नोरा फतेही से कई बार पूछताछ की थी। नोरा पर आरोप है कि उन्होंने सुकेश या उसके सहयोगियों से लग्जरी गाड़ियां, महंगे बैग और ज्वेलरी जैसे सामान मिले थे।

देश

- **राष्ट्रपति** भवन में मेजर नव्या शेखावत ने संभाली अहम जिम्मेदारी, भारतीय सेना की पहली महिला अधिकारी बनीं राष्ट्रपति की एडीसी
- **भारत** में सबसे तेजी से गरीबी घटी, 27.1% से गिरकर 2.6% पर आई, वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट- 49.6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर
- **मोदी** आज 400 करोड़ के प्रोजेक्ट लॉन्च करेंगे, राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होंगे, ट्रेनी अफसरों से बात करेंगे
- **नाशिक-त्र्यंबकेश्वर** सिंहस्थ कुंभ मेला आज से शुरू, राष्ट्रपति मुर्मू ध्वज स्तंभ पूजन, ध्वजारोहण में शामिल होंगी, 22 महीने तक चलेगा
- **सोमनाथ** मंदिर के पास नॉनवेज बेचने पर रोक पहले हटाई, दो घंटे बाद डबल बेंच का फैसले पर स्टे; प्रशासन ने 3 महीने पहले प्रतिबंध लगाया था

विदेश

- **होर्मुज** में 27 भारतीयों वाले जहाज पर हमला, इंजन रूम में लगी आग, एक महीने में भारतीय क्रू वाले जहाजों पर 5 बार हमला
- **हूती** विद्रोहियों ने यमन के राष्ट्रपति भवन पर मिसाइलें दागीं, 15 दिन पहले यहां हमले में 4 की मौत हुई थी
- **इजराइल** के आम चुनाव की जांच खुफिया एजेंसी मोसाद करेगी, विदेशी दखल का आरोप; चुनाव आयोग बोला- इससे नतीजों पर कोई असर नहीं हुआ
- **अमेरिकी** नाकेबंदी को चकमा देकर ईरान ने सैन्य सामान खरीदा, रिपोर्ट- 5000 फर्जी एजेंसियों का नेटवर्क बनाया

व्यापार

- **बुर्ज खलीफा** और यूनिवर्सल स्टूडियोज की टिकट यूपीआई से मिलेगी, अब यूएई और सिंगापुर समेत 10 देशों में पेमेंट शुरू; उज्बेकिस्तान बनेगा 11वां देश
- **जियो** प्लेटफॉर्म्स का मुनाफा 14% बढ़कर 8,389 करोड़ पहुंचा

कार्टून..



इसरो के नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-03 का सफल लॉन्च

बॉर्डर से 1500 किमी दूर लोकेशन की जानकारी देगा, कारगिल युद्ध में जरूरत महसूस हुई थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ श्रीहरिकोटा

इसरो ने अपना नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-03 लॉन्च किया है। इसे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एफ18 रॉकेट के जरिए शुक्रवार रात 11 बजकर 51 मिनट पर लॉन्च किया गया।

उड़ान के करीब 18 मिनट बाद रॉकेट के तीनों चरण सफल रहे। इसके बाद 2,232 किलोग्राम वजनी यह सैटेलाइट रॉकेट से अलग होकर अपने तय ऑर्बिट में पहुंच गया। यह पूरे भारत और सीमा से 1,500 किलोमीटर दूर तक सटीक लोकेशन और नेविगेशन की सुविधा देगा। इसे बनाने की जरूरत 1999 के कारगिल युद्ध के बाद महसूस हुई थी। उस समय भारत ने अमेरिकी जीपीएस से सैन्य क्षेत्र की लोकेशन संबंधी जानकारी मांगी थी, लेकिन अमेरिका ने मना कर दिया था। इसके बाद भारत ने अपना जीपीएस तैयार कर लिया।

सैटेलाइट लॉन्च नॉवल्क मिशन का हिस्सा- ये सैटेलाइट नॉवल्क मिशन के तहत लॉन्च हुई है। नॉवल्क का पूरा नाम नेविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन है। यह भारत का अपना क्षेत्रीय सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम है, जिसे इसरो ने विकसित किया है।

आम लोगों को नॉवल्क से क्या फायदा होगा- मोबाइल और नेविगेशन उपकरणों में बेहतर लोकेशन सुविधा। टैक्सी, बस और ट्रक की ट्रैकिंग। समुद्र में मछुआरों को दिशा और लोकेशन की जानकारी। किसानों को सटीक लोकेशन आधारित खेती में मदद।

तूफान अर्नब का असर- राजस्थान में ओले गिरे, उत्तराखंड में बर्फबारी

ओडिशा में लैंस्लाइड, 3 की मौत, 2 दिन बाद नया चक्रवात आंध्र प्रदेश पहुंचेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मौसम विभाग का कहना है कि देश में अभी भी अर्नब तूफान का असर बना हुआ है। उत्तराखंड के केदारनाथ और बद्रीनाथ में बर्फबारी हो रही है।

ओडिशा में चक्रवात से हुई भारी बारिश के बाद शुक्रवार को बाढ़ और भूस्खलन से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में नौ महीने का बच्चा भी शामिल है। वहीं, राजस्थान में बारिश हुई और ओले गिरे। इसके चलते कई जिलों में तापमान 5 डिग्री तक गिर गया। अंडमान सागर के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र एक 'डिप्रेशन' में बदल सकता है, जिसके कारण 2-3 नवंबर को तटीय आंध्र प्रदेश में एक नया चक्रवात टकरा सकता है, इससे भारी बारिश हो सकती है।

दिल्ली-एनसीआर में निर्माण पर रोक- केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर में 5 से 20 नवंबर तक निर्माण और तोड़फोड़ के कामों पर रोक लगा दी है। यह रोक धूल उड़ाने वाले बाहरी कामों पर लागू होगी। इस दौरान में दिल्ली, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत और गौतम बुद्ध नगर के सरकारी और निजी कार्यालयों में आधे कर्मचारी घर से काम करेंगे। यह आदेश 8 नवंबर की दिवाली और नवंबर के पहले दो हफ्तों में पराली जलाने से बढ़ने वाले प्रदूषण को देखते हुए जारी किया गया है। रोक हाईवे, सड़क समेत अन्य सार्वजनिक परियोजनाओं पर भी लागू होगी। रेलवे, मेट्रो, एयरपोर्ट, अंतरराज्यीय बस टर्मिनल, अस्पताल, जलापूर्ति, स्वच्छता, राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा के प्रोजेक्ट को इससे छूट दी गई है।

30 हजार के बल्ब और 33 हजार के फिनाइल का पोस्टर देख भड़के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय

'अभी तू यहां से जा, वरना तुझे...'

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश के इंदौर में बीजेपी की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा के दौरान उस समय हंगामा हो गया, जब सोशल एक्टिविस्ट प्रह्लाद पांडे अपनी पत्नी के साथ कार्यक्रम में पहुंच गए। प्रह्लाद के हाथ में एक पोस्टर था, जिस पर 30 हजार रुपये के बल्ब और 33 हजार रुपये प्रति लीटर फिनाइल का जिक्र करते हुए जवाब मांगा गया था। वहीं, उनकी पत्नी के हाथ में फिनाइल की बोतल थी।

कार्यक्रम में मौजूद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पोस्टर लेकर खड़े प्रह्लाद पांडे को देखकर पहले उनके सवालों का जवाब देने की बात कही। हालांकि, बाद में उन्होंने पुलिस अधिकारियों को बुलाया और दोनों को वहां से हटाने के लिए कहा। इसके बाद पुलिस ने प्रह्लाद पांडे और उनकी पत्नी को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के मुताबिक, बीजेपी की पदयात्रा के दौरान प्रह्लाद पांडे अपनी पत्नी के साथ विरोध जताने पहुंचे थे। वह मंच के सामने हाथ में पोस्टर लेकर खड़े हो गए। पोस्टर पर 30 हजार रुपये के बल्ब और 33 हजार रुपये प्रति लीटर फिनाइल का जिक्र था। इसके जरिए वह इन खर्चों को लेकर जवाब मांग रहे थे। इस दौरान उनकी पत्नी के हाथ में फिनाइल की बोतल भी दिखाई दी। दंपती के विरोध के चलते कार्यक्रम स्थल पर कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति बन गई।

कैलाश विजयवर्गीय ने पुलिस को बुलाया

वायरल घटनाक्रम में कैलाश विजयवर्गीय पोस्टर लेकर आए व्यक्ति पर नाराजगी जताते सुनाई देते हैं। उन्होंने कहा, 'न्यूसेंस यहां पर आ गया है, पुलिस अधिकारी आएं जरा, हमें क्या जवाब देना है, तुझे जवाब देंगे। अभी तू यहां से जा, वरना लोग तुझे फ्री फंड में जवाब दे देंगे।'

मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि पांडे 'अराजकतावादियों' से जुड़े हुए हैं।

वीडियो में एक व्यक्ति को पांडे के हाथों से पोस्टर छीनते हुए और पुलिस को उस कार्यकर्ता को गाड़ी में ले जाते हुए देखा जा सकता है। पांडे बार-बार पुलिसकर्मियों से पूछ रहे हैं कि उनका अपराध क्या है?

बाद में पांडे ने बताया कि वह राज्य के शहरी स्थानीय निकायों की ओर से तमाम वस्तुओं की खरीद में कथित भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा रहे थे। कार्यकर्ता ने कहा, लोकतंत्र तभी कायम रहता है जब लोग सवाल पूछते हैं और सत्ता में बैठे लोग उनका जवाब देते हैं।

बता दें कि यह विरोध प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ है जब मध्य प्रदेश के शहरी स्थानीय निकायों में वित्तीय अनियमितताओं की जांच चल रही है। भोपाल में एक सीनियर अफसर ने बताया कि अलग-अलग स्तरों के 392 अधिकारियों के खिलाफ जांच चल रही है या जांच की जा चुकी है, जबकि सात अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।



फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे विकसित हो सकता है खेलों का बड़ा हब

प्रशासन इन स्थानों को खेल आरक्षित क्षेत्र घोषित करे : राजेश शर्मा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास स्थल उपलब्ध कराने की दिशा में फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे उपलब्ध होने वाली खाली जगहों का उपयोग एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकता है। उज्जैन से इंदौर तक निमार्णाधीन फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो रहा है। इन स्थानों को योजनाबद्ध तरीके से विकसित कर खेलों का बड़ा हब बनाया जा सकता है।

उज्जैन जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश शमार्ने प्रशासन से आग्रह किया है कि फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे उपलब्ध स्थानों को खेल आरक्षित क्षेत्र घोषित कर वहां विभिन्न खेलों के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं।

शर्मा ने कहा कि आगामी सिंहस्थ को देखते हुए उज्जैन से इंदौर तक फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसके अंतर्गत ब्रिज के नीचे कई स्थानों पर पर्याप्त जगह उपलब्ध हो रही है। यदि प्रशासन समय रहते इन स्थानों के सदुपयोग की योजना तैयार कर ले तो उज्जैन को खेल सुविधाओं के रूप में एक बड़ी सौगात मिल सकती है। शहर के प्रमुख क्षेत्रों से जुड़े इन स्थानों को व्यवस्थित रूप से विकसित करने से खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए अतिरिक्त जगह मिलेगी और खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

शर्मा ने सुझाव दिया कि ब्रिज के नीचे जिन स्थानों पर पर्याप्त जगह उपलब्ध है, उन्हें समतल कर आवश्यकतानुसार छायादार एवं सुरक्षित बनाया जाए। यहां स्थान की उपलब्धता और तकनीकी उपयोगिता के अनुसार अलग-अलग खेलों के लिए क्षेत्र निर्धारित किए जा सकते हैं। इन स्थानों पर ओपन जिम, कुश्ती, कबड्डी, रोलर स्केटिंग, जूडो-कराटे, बॉक्सिंग, मलखंभ, शतरंज, लाठी,थ्री ऑन थ्री हॉफ कोर्ट बास्केटबॉल, 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग प्रैक्टिस रेंज और टेबल टेनिस जैसी खेल गतिविधियों के लिए सुविधाएं विकसित करने की संभावनाओं का परीक्षण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए तो खिलाड़ियों को अपने-अपने खेलों के अभ्यास के लिए बेहतर स्थान मिल सकेंगे। विशेष रूप से उन खेलों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिनके लिए शहर में अतिरिक्त अभ्यास स्थलों की आवश्यकता है। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास की व्यवस्था होने से नई खेल प्रतिभाओं को निखरने और आगे बढ़ने के अवसर भी मिलेंगे। शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे उपलब्ध स्थानों का सर्वेक्षण कर उनकी उपयोगिता के अनुसार खेल सुविधाएं विकसित करने की कार्ययोजना बनाई जाए।

बिना इंटरनेट के भी चलेगा मोबाइल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मोबाइल रिचार्ज महंगे होने के बीच उन ग्राहकों के लिए राहत की खबर है, जिन्हें इंटरनेट डेटा की जरूरत नहीं होती और जिनका मोबाइल इस्तेमाल मुख्य रूप से फोन कॉल और मैसेज तक सीमित रहता है। टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया ने चार नए वॉयस ओनली प्रीपेड रिचार्ज प्लान पेश किए हैं। इनकी शुरूआती कीमत 179 रुपये रखी गई है। खास बात यह है कि इन प्लान में इंटरनेट डेटा शामिल नहीं है, बल्कि अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और एसएमएस की सुविधा दी गई है। कंपनी ने ये प्लान टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के निर्देशों के बाद पेश किए हैं। इससे पहले भारती एयरटेल भी इसी तरह के तीन वॉयस ओनली प्लान बाजार में उतार चुकी है। नई व्यवस्था का उद्देश्य उन ग्राहकों को किफायती रिचार्ज उपलब्ध कराना है, जिन्हें मोबाइल इंटरनेट की आवश्यकता नहीं है। वीआई ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर चार नए वॉयस ओनली प्रीपेड प्लान उपलब्ध कराए हैं। इनमें सबसे सस्ता प्लान 179 रुपये का है। इसमें ग्राहकों को 25 दिनों की वैलिडिटी, अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और कुल 300 एसएमएस मिलते हैं।

अंतरिक्ष में मिला अल्कोहल का विशाल भंडार

आकाशगंगा में खोजे गए शराब के बादल, ब्लैक होल के नजदीक सैगिटेरियस बी-2 क्षेत्र में मिले प्रोपेनॉल के अणु, तारों के निर्माण की प्रक्रिया समझने में मिलेगी मदद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अंतरिक्ष में वैज्ञानिकों को एक ऐसी खोज मिली है, जिसने विज्ञान जगत के साथ आम लोगों का भी ध्यान आकर्षित किया है। वैज्ञानिकों ने हमारी आकाशगंगा यानी मिल्की वे के सैगिटेरियस बी-2 क्षेत्र में प्रोपेनॉल के अणुओं की मौजूदगी का पता लगाया है। यह क्षेत्र हमारी आकाशगंगा के केंद्र में स्थित विशालकाय ब्लैक होल सैगिटेरियस ए के नजदीक है। इस खोज के बाद अंतरिक्ष में मौजूद अल्कोहल के विशाल भंडार और जटिल कार्बनिक अणुओं को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है।

सैगिटेरियस बी-2 हमारी आकाशगंगा के केंद्र के पास स्थित गैस और धूल का एक विशाल बादल है। यह क्षेत्र नए तारों के निर्माण के लिए भी जाना जाता है। वैज्ञानिकों को यहां प्रोपेनॉल के अणु मिले हैं। प्रोपेनॉल एक प्रकार का अल्कोहल है, जिसके अणुओं की संरचना में कार्बन, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन शामिल होते हैं।

वैज्ञानिकों के लिए यह खोज इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अंतरिक्ष में ऐसे जटिल कार्बनिक अणुओं की मौजूदगी से यह समझने में मदद मिलती है कि तारों और ग्रहों के निर्माण से पहले अंतरिक्ष में रासायनिक प्रक्रियाएं किस तरह होती हैं। इससे पृथ्वी पर जीवन के लिए आवश्यक रासायनिक तत्वों और अणुओं की उत्पत्ति को समझने के रास्ते भी खुल सकते हैं।

दिल्ली की जूता फैक्ट्री में आग, 4 की मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में जूते की फैक्ट्री में शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों की हालत गंभीर है।

रेस्क्यू टीम ने 6 लोगों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला था। उन्हें संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, वहीं, 5 अन्य लोगों को बिल्डिंग के चौथे फ्लोर से रेस्क्यू किया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के सहायक मंडल अधिकारी पारस कुमार ने कहा, यह फैक्ट्री जूते-चप्पल बनाती और स्टोर करती है। आग बेसमेंट में लगी थी, जहां हमारी टीम ने उस पर काबू पा लिया।' उन्होंने आगे कहा, फिलहाल आग पूरी तरह से बुझ गई है और कूलिंग प्रोसेस चल रहा है, अब अंदर कोई नहीं बचा है। फैक्ट्री मालिक को पूछताछ के लिए बुलाया है। ठेकेदार और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

पुरुषोत्तम नारायण मंदिर में भगवान की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

नाक टूटी मिली, पहले हाथ को भी पहुंचाया था नुकसान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के क्षीरसागर स्थित नौ नारायण में शामिल भगवान पुरुषोत्तम नारायण मंदिर में प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह मंदिर पहुंचे पुजारी ने भगवान की प्रतिमा की नाक क्षतिग्रस्त देखी तो हैरान रह गए। पुजारी का दावा है कि इससे पहले भी प्रतिमा के हाथ को नुकसान पहुंचाया जा चुका है।

मामले की गंभीरता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। ऐसे में प्रतिमा को नुकसान किसने और किन परिस्थितियों में पहुंचाया, इसका पता लगाना चुनौती बन गया है। पुजारी ने प्रशासन से मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

आस्था के केंद्र में बार-बार ऐसी घटना क्यों- शहर के प्राचीन धार्मिक स्थलों में शामिल मंदिरों की सुरक्षा को लेकर यह घटना कई सवाल खड़े करती है। आखिर मंदिर में ऐसी हरकत कौन कर रहा है? क्या पहले हुई घटना के बाद सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए? प्रशासन को मामले की गंभीरता से जांच कर मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।



महाकाल श्रृंगार



रजत ओम-बिल्वपत्र मुकुट और रुद्राक्ष माला से सजे बाबा महाकालः

अपनेतक

आस्था के सामने प्रशासन की परीक्षा, खड़े हनुमान मंदिर पर विवाद गहराया

उज्जैन में खड़े हनुमान मंदिर का मामला अब केवल प्रतिमा की तकनीकी जांच तक सीमित नहीं रह गया है। आधी रात को प्रशासनिक टीम का मंदिर पहुंचना, प्रतिमा की स्कैनिंग करना और जांच के दौरान मशीन खराब होने का वीडियो सामने आना कई सवाल खड़े करता है। आखिर ऐसी कौन सी परिस्थिति थी कि जांच दिन के उजाले में करने के बजाय आधी रात को करनी पड़ी? प्रशासन ने मंदिर प्रबंधन और श्रद्धालुओं को विश्वास में लेना जरूरी क्यों नहीं समझा?

धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में प्रशासन की जिम्मेदारी केवल तकनीकी रिपोर्ट तैयार करना नहीं, बल्कि जनभावनाओं और आस्था का सम्मान करना भी है। यदि प्रतिमा की मजबूती या सुरक्षा को लेकर कोई तकनीकी आशंका थी तो उसकी जांच पारदर्शी तरीके से कराई जा सकती थी। विशेषज्ञों की रिपोर्ट सार्वजनिक होती और श्रद्धालुओं को भरोसे में लिया जाता तो शायद विवाद को इतना तूल नहीं मिलता।

दूसरी ओर, आस्था के नाम पर हर तकनीकी जांच का विरोध करना भी उचित नहीं है। यदि मंदिर या प्रतिमा की सुरक्षा से जुड़ा कोई वास्तविक विषय है तो उसका समाधान तथ्यों और विशेषज्ञों की राय से होना चाहिए। लेकिन जांच की प्रक्रिया पर ही सवाल उठने लगें तो प्रशासन की विश्वसनीयता प्रभावित होती है।

विश्व हिंदू परिषद की सरकार को चुनाव में उखाड़ फेंकने की चेतावनी बताती है कि मामला अब धार्मिक भावनाओं से निकलकर राजनीतिक टकराव की ओर बढ़ रहा है। सरकार और प्रशासन को इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। सवाल यह नहीं कि मंदिर रहेगा या नहीं, सवाल यह है कि आस्था से जुड़े निर्णयों में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और संवाद क्यों नहीं दिखाई देता? खड़े हनुमान मंदिर के मामले में अब सरकार को अपनी मंशा स्पष्ट करनी चाहिए। जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हो, प्रतिमा की सुरक्षा को लेकर स्थिति साफ हो और श्रद्धालुओं की आशंकाओं का समाधान किया जाए। आस्था को टकराव का विषय बनाने के बजाय विश्वास का सेतु बनाने की जरूरत है। क्योंकि प्रशासन की ताकत केवल आदेश देने में नहीं, जनता का भरोसा जीतने में भी होती है।

सिंहस्थ से पहले संत गरीबदास महाराज की समाधि के जीर्णोद्धार की मांग

उज्जैन। आगामी सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत त्रिवेणी तट स्थित ग्राम हरसोदन वाले संत 1008 गरीबदास महाराज के समाधि स्थल के जीर्णोद्धार की मांग उठी है। शिवाजी नगर विकास समिति के अध्यक्ष मनोहर गिरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपकर सिंहस्थ मद से आवश्यक राशि स्वीकृत करने का अनुरोध किया है।

मनोहर गिरी ने बताया कि संत गरीबदास महाराज ने उज्जैन सहित मध्यप्रदेश और राजस्थान के कई क्षेत्रों में समाज को धार्मिक और नैतिक शिक्षा देकर सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी थी। वे सिंहस्थ के दौरान रामघाट क्षेत्र में क्षिप्रा तट पर डेरा लगाते थे। 2 जनवरी 1960 को उनके देवलोकगमन के बाद समाजजनों ने त्रिवेणी तट पर उनकी समाधि बनाई थी। पिछले 65 वर्षों से समाज के लोग इस समाधि स्थल की देखरेख कर रहे हैं। वर्ष 2028 के सिंहस्थ में मध्यप्रदेश और राजस्थान सहित अन्य क्षेत्रों से संत के हजारों अनुयायियों के यहां पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए समाधि स्थल का जीर्णोद्धार और विकास आवश्यक है।

धार्मिक आस्था के पावन कुंड पर गंदगी का ग्रहण

खुले आम लोग डाल रहे निर्माल्य, देवताओं के फोटो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जयिनी की पहचान आस्था के पावन केन्द्र दक्षिणमुखी शिवलिंग महाकालेश्वर से है तो धार्मिक ग्रंथों मे इसे पुरातन पवित्र सप्तपुरियों मे बताया गया है। अतिप्राचीन शहर मे नौ नारायण व सप्त सागर भी हैं। स्कंदपुराण के अवंतिखंड मे प्रमुख सप्तसागर के रूप मे रूद्रसागर, गोवर्धन सागर ,पुरूषोत्तम सागर , विष्णुसागर, पुष्करसागर, रत्नाकर सागर व क्षीरसागर का वर्णन मिलता है। इनमे से कुछ पावन जलस्त्रोत, प्रशासन व स्थानीय रहवासियों की अनदेखी के चलते दम तोड चुके हैं और कुछ दुर्दशा के शिकार होकर आंसू बहाते नजर आ रहे हैं।

शहर के ह्रदय स्थल क्षीरसागर क्षेत्र मे प्राचीन क्षीरसागर कुंड है जिसके आसपास बहुत से पुरातन मंदिर हैं। जल कुंड मे मछलियां जलक्रीड़ा करती नजर आती हैं तो बगुले भी मस्ती करते हुए शिकार की चाह में एक टांग पर साधनारत दिखते हैं। कुंड के आसपास पुराने घने वृक्ष होने से इन पर परिंदे कलरव करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। इस रमणीक क्षीरसागर कुंड का कुछ समय पूर्व सौन्दर्यीकरण भी किया गया था। उस दौरान कुंड के आसपास पौधों के सुन्दर गमले रखे गए थे और आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई थी। समय बीतने के साथ इस खूबसूरत कुंड के रखरखाव पर ध्यान न देने से आज सुन्दर गमले बदनुमा दाग के रूप




मे नजर आ रहे हैं। कुछ गमलों मे पौधे की जगह पान व गुटखे की पीक दुर्गंध मारती हुई दिख रही है तो कुछ मे देवी देवताओं की खंडित मूर्तियां लोग रख कर चले गए हैं। कुंड के समीप ही नौ नारायण मे सम्मिलित विष्णुजी के मंदिर भी हैं। श्रद्धा से ओतप्रोत कुछ लोग प्रतिदिन पावन कुंड के जल को प्रदूषित करने मे अपना योगदान दे रहे हैं। यहां सफाईकर्मी के मना करने के बावजूद पढे लिखे लोग कुंड में कांच लगी देवी देवताओं की तस्वीर तक विसर्जित कर रहे हैं। आसपास के तथाकथित धार्मिक लोग पावन कुंड मे निर्माल्य सामग्री विसर्जित करके स्वयं को पुण्य का भागी समझ रहे हैं।

पालीथीन सहित फूल विसर्जित

आश्चर्य तो तब होता है जब शिक्षित लोग रसूख का दंभ भरते हुए समय की कमी के चलते शिप्रा नदी तक जाना भी मुनासिब नहीं समझते और क्षीरसागर कुंड मे पालीथीन सहित फूल पत्ती व अन्य पूजन सामग्री बेहिचक डालकर रवाना हो जाते हैं। गौरतलब है कि नगरनिगम द्वारा शिप्रा नदी के तट पर निर्माल्य विसर्जन कुंड की व्यवस्था है बावजूद इसके लोग जलप्रदूषण करते रहते हैं।

सुन्दर जैव विविधता पर संकट - वृक्ष, परिंदे, जलचर और कीट पतंगों वाले इस प्रकृतिक जैव विविधता वाले क्षेत्र को स्थानीय लोग नष्ट करने मे कोई कसर नहीं छोड रहे। एक ओर शासन करोडों रूपए खर्च कर नवीन बायोडायवर्सिटी





जोन विकसित कर रहा है दूसरी तरफ नैसर्गिक आभा से परिपूर्ण शहर का प्राकृतिक पुरातन बायोडायवर्सिटी से पूर्ण क्षीरसागर कुंड देखरेख के अभाव मे नष्ट होने की कगार पर प्रतीत हो रहा है। प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेकर ऐसे महत्वपूर्ण पवित्र जलस्त्रोत की सुध लेना चाहिए और कुंड के जल को प्रदूषित करनेवालों के प्रति सख्त कदम उठाने चाहिए नहीं तो भविष्य मे ऐसी ऐतिहासिक जल संरचना मात्र धर्मग्रंथों के पन्नों तक सिमट कर रह जाएंगी।क्षीरसागर कुंड एक समय स्वच्छ जल से लबालब भरा हुआ होता था और उन्नत तकनीक के इस युग मे यदि हम उसे बचा न सके तो ये हमारी आधुनिक तकनीक व ज्ञान पर एक प्रश्नचिन्ह ही प्रतीत होगा।

बेटियों ने साइक्लोथॉन से दिया नशामुक्त भारत का संदेश

कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, आज भी होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार दशहरा मैदान स्थित शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 30 अक्टूबर को नशामुक्त भारत अभियान के तहत साइक्लोथॉन और दौड़ का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित कर समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करना था। इस दौरान छात्राओं ने स्वयं नशे से दूर रहकर दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रशांत पोराणिक ने विद्यार्थियों को नशे के गंभीर दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपा अवासे, डॉ. कला मौर्य और राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिकारी डॉ. सरोज रत्नाकर विशेष रूप से उपस्थित थीं।

कार्यक्रम अधिकारी दीपा अवासे ने बताया कि इसी अभियान के तहत 31 अक्टूबर को महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण, पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन और दौड़ का आयोजन भी किया जाएगा। इस साइक्लोथॉन व जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सदस्यों व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

मूर्तिकारों के हुनर से मां लक्ष्मी ले रही सुन्दर रूप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विगत एक माह से कलाकार मिट्टी, चाकमिट्टी व खडिया लेकर जुटे हुए हैं मां लक्ष्मी के सुन्दर स्वरूप को गढने में। शहर के कुछ क्षेत्रों मे निवासरत मूर्तिकारों की बनाई सुन्दर मूर्तियों की मांग न केवल उज्जैन बल्कि आसपास के शहरों मे भी है। मांग को समय पर पूरा करना एक कठिन काम होता है पर जब पूरा परिवार इसमे जुट जाता है तो सफलता मिल ही जाती है।

शहर के कई कलाकार परंपरागत मूर्ति बनाने के व्यवसाय मे लगे हुए हैं। कुछ परिवारों मे मिट्टी से मूर्तियां गढना पुश्तैनी व्यवसाय रहा पर समय बदलने के साथ इसमे नवाचार करती नई पीढी कला को नए आयाम देने मे पीछे नहीं दिखती। नई तकनीक से काम आसान हुआ है और समय की भी बचत हो रही है। प्रकाशनगर निवासी मूर्तिकार शुभम वाडिया ने बचपन से ही अपने घर मे मूर्तियां बनती देखी और वे स्कूल के दिनों से ही मूर्तियों को रंगने के मोटे कार्य करने लगे थे। शुभम ने दैनिक ब्रह्मास्त्र को बताया कि लगभग एक माह पूर्व से घर के सभी लोग पूरी शिद्दत के साथ मां लक्ष्मी की मूर्तियां बनाने मे जुट जाते हैं। सबसे पहले चाक मिट्टी का घोल बनाकर सांचे मे डालकर रस्सी से बांध दिया जाता है। जब ये सूख जाती हैं तो इन्हे निकाल कर खुले मे सूखने रखा जाता है। धूप व हवा के संपर्क से मूर्तियों को सूखने मे सामान्यतः तीन से चार दिन लग जाते हैं। सूखने के बाद इन्हे खडिया से भरे ड्रम मे डुबोने के बाद



फिर सूखने रखा जाता है। तत्पश्चात प्रत्येक मूर्ति पर एक आधार रंग चढाया जाता है जिसे अस्तर चढाना कहा जाता है। अस्तर के बाद बारीक काम जैसे आंख , नाक मुंह, हाथ मे पहने आभूषण पर रंग करने का काम ब्रश से बहुत ही कुशलता से किया जाता है। मूर्तियों पर बारीक काम ही फिनिशिंग टच होता है। कलाकार रोहित ने बताया कि अस्तर जो प्रायः सफेद रंग से होता है उसे तो आजकल स्प्रे मशीन से अंजाम दिया जा रहा है किन्तु माता लक्ष्मी की भाव भंगिमा तो उनकी आंख व ओंठ आदि पर बारीक ब्रश से करने पर उभरती है।

माता को सुन्दर स्वरूप देना ही अभिलाषा

मूर्तिकार नरेन्द्र वाडिया का कहना है कि एक कलाकार की साधना तभी सफल होती है जब महीनेभर शिद्दत से काम करने के बाद माता लक्ष्मी का लावण्यमयी रूप देखकर हर कोई प्रशंसा करे। इस वर्ष चाक मिट्टी , रंग व ब्रश सभी के रेट बढने से कलाकारों पर भी महंगाई की मार रही किन्तु ग्राहक इस बात को न समझते हुए कलाकार से मूर्तियों के भावताव करते हैं जो पीडा पहुंचाता है। कलाकार रोहित का कहना है कि घंटों बैठकर मूर्तियों को रंगो के माध्यम से अंतिम रूप देना कष्टसाध्य कार्य है फिर भी ग्राहक भावताव करते हैं तो मन दुखता है।

कला को सहेजना आवश्यक

मूर्तिकला हमारे देश की प्राचीन विरासत है। कलाकार को जब उसकी कला का उचित सम्मान नहीं मिलता तो वह अपना पुश्तैनी कार्य छोडकर दूसरे व्यवसाय अपना लेता है। अतः स्थानीय कलाकार को प्रोत्साहन देना बहुत आवश्यक है अन्यथा ये विरासत धीरे धीरे लुप्त हो जाएगी। हमारे लोकल कलाकार को उचित दाम देकर हम कला को सहेजने मे अपना योगदान दें तो बेहतर होगा।

शहर में बिना एक्सपायरी डेट के खूब बिक रही खाद्य सामग्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की रेस्टोरेंट व मिठाई दुकानों पर गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री विक्रय न होने से आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड हो रहा है। विगत दिनों कोयला फाटक स्थित एक मिठाई की दुकान से अमानक मिठाई की शिकायत ग्राहक द्वारा किए जाने पर खाद्य विभाग ने नमूने जरूर लिए थे किन्तु इसका कोई प्रभाव शहर के विक्रेताओं पर पडता नजर नहीं आ रहा है। खाद्य सामग्री पर उसके निर्मित होने की मैन्युफैक्करिंग डेट व उपयोग मे लाने की अंतिम तिथि यानी एक्सपायरी डेट अंकित होना आवश्यक है इसके बावजूद शहर की बहुत सी दुकानों पर बिना एक्सपायरी डेट अंकित खाद्य सामग्री खुलेआम बिक रही है। न तो इनके पैक पर मैन्युफैक्करिंग डेट और न ही एक्सपायरी डेट (यूज बिफोर) लिखी हुई है। कुछ दुकानदार चिप्स या वेफर्स के पैक पर अंकित यूज बिफोर वाली तारीख ही मिटा देते हैं क्योंकि बच्चे वेफर्स खरीदते समय इस ओर ध्यान नहीं देते हैं।

प्रतिदिन शहर की ज्यादातर होटल पर बिक रहा सेण्डविच खमण ऐसा है जिसके पैक पर कुछ भी अंकित नहीं है। सिर्फ साधारण पोलीथीन मे पैक खमण पर किसी प्रकार की तिथि नहीं होती। जब कोई जागरूक ग्राहक इसके स्वाद मे कडवापन महसूस कर दुकानदार से आपत्ति भी दर्ज कराता है तो प्रायः दुकानदार





दूसरा पैकेट ग्राहक को थमा कर मामला दबा जाता है। खाद्य व औषधि प्रशासन की नाक के नीचे ये गोरखधंधा निर्बाध रूप से चल रहा है जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पडता है।

उल्टी- दस्त का प्रकोप बढा

विगत कुछ दिनों से शहर मे उल्टी दस्त का प्रकोप बढा है। ज्यादातर अस्पतालों मे उल्टी,दस्त व जी घबराने के रोगी देखे जा रहे हैं ऐसे मे अमानक खाद्य सामग्री को नाश्ते के रूप मे सेवन के दुष्परिणाम से इंकार नहीं किया जा सकता ।

मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला, 2 फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ाने का ऐलान

उज्जैन में राज्य कर्मचारी संघ ने सौंपे चार ज्ञापन, जनवरी 2026 से कर्मचारियों और जुलाई 2026 से पेंशनर्स को मिलेगा लाभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उज्जैन स्थित मुख्यमंत्री आवास पर सीएम डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। कर्मचारियों ने केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने मांगों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता व राहत स्वीकृत करने की घोषणा की है। इस फैसले का लाभ कर्मचारियों को 1 जनवरी 2026 और पेंशनर्स को 1 जुलाई 2026 से मिलेगा।

संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को कुल चार ज्ञापन सौंपे। इनमें केंद्र के समान 5



प्रतिशत महंगाई भत्ता व राहत देने, उज्जैन को राजभोगी शहर घोषित करने और कार्यभारित, दैनिक वेतनभोगी व आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए ठेका प्रथा बंद करने की प्रमुख मांगे शामिल थीं। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने इन विषयों को गंभीरता से सुना और महंगाई भत्ते में तुरंत वृद्धि का ऐलान कर दिया।

मुख्यमंत्री के इस त्वरित फैसले पर कर्मचारी और पेंशनर संगठनों में हर्ष है। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री व उज्जैन संभाग प्रभारी मनोहर गिरी, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, सचिव रामसिंह बनिहार, दिलीप मेहता, मप्र आउटसोर्स कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री गुलशन मंसूरी सहित सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के संभागीय अध्यक्ष शमशेर सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष राजकुमार जोशी, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप जोशी, नारायण सिंह यदुवंशी, नागुलाल शर्मा, रमेश श्रीवैया, पुरूषोत्तम सिरोलिया, राजहंस गायकवाड़, छोटेलाल कुशवाह और बंसीलाल सेठीया ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

दिल्ली में 7 नवंबर तक होगी प्रतियोगिता

उज्जैन। दिल्ली के लीला एंबिशन होटल में 26 अक्टूबर से 7 नवंबर 2026 तक वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में भारत की राष्ट्रीय टीम की ओर से उज्जैन के दो खिलाड़ी अजय अंजना और याबर अली देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उज्जैन जिला पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष गोपाल यादव और सचिव प्रतीक तोमर ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए इसे शहर के खेल प्रेमियों के लिए गौरव का विषय बताया है। दोनों युवा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना दमखम दिखाएंगे। खिलाड़ियों के चयन और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए जितेंद्र सिंह कुशवाह, देवेंद्र सिंह कुशवाह, संदीप सिंह कुशवाह, संतोष विश्वकर्मा, पंकज गुप्ता, रवि मालवी और आकाश यादव सहित संस्था के समस्त पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

हवा मे तैरते सूक्ष्म कण, बन रहे सेहत के दुश्मन, श्वसन तंत्र के लिए घातक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन (पं राहुल शुक्ल)

सेहत के लिए शुद्ध वायु परम आवश्यक है। शुद्ध वायु के अनगिनत लाभ के कारण ही देशभर से पर्यटक वर्ष मे एक बार पर्वतों की सैर करते हैं। आमतौर पर पर्वतीय क्षेत्रों का ए क्यू आई यानि एअर क्वालिटी इंडेक्स अच्छा होता है। जब शुद्ध वायु श्वसन द्वारा शरीर के अंदर पहुंचती है तो फेफडों को पुष्ट करती है और शरीर चुस्त-दुरुस्त बना रहता है। शहरों मे उडते धूल के गुबार , उद्योगों का जहरीला धुंआ, पुष्पों के परागकण, वाहनों से उत्सर्जित धुंआ वायुमण्डल को प्रदूषित करके अस्वस्थकर





लगातार चल रहे निर्माण कार्य से धूल कण मे इजाफा

सामान्यतः शांत धार्मिक नगरी उज्जैन मे वातावरण बहुत अधिक प्रदूषित नहीं रहता किन्तु यदि आंकडों पर नजर डाली जाए तो विगत कुछ दिनों से शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (ए क्यू आई)अच्छा तो क्या संतोषजनक भी नहीं कहा जा सकता है। शहर के वायुमंडल मे उडते सूक्ष्म कणों मे वृद्धि होने से संवेदनशील समूह के लोगों के लिए तो खतरा मंडरा रहा है। संवेदनशील समूह के अंतर्गत छोटे बच्चे, बुजुर्ग व ऐसे लोग आते हैं जिनको पहले से श्वांस संबंधी तकलीफ रही हो।

क्या है पीएम -10

पी एम अथार्त पार्टिकुलेट मैटर जो महीन कण के रूप मे वायु के अंदर विद्यमान होते हैं। पी एम के आकार के मान से इनकी विभिन्न श्रेणी होती हैं जैसे पी एम- 10 या पी एम-5 आदि। पी एम -10 ऐसे सूक्ष्म कण होते हैं जिनका व्यास 10 माइक्रोमीटर होता है। वायुमण्डल मे पी एम -10 का मात्रक होता है माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर । पी एम को माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर क्षेत्र मे मापा जाता है। यदि पी एम -10 की मात्रा 55 से ज्यादा होती है तो श्रेणी के आधार पर इसे संवेदनशील समूह के लोगों के लिए अस्वस्थकर माना जाता है। ऐसी स्थिति मे शरीर का श्वसन तंत्र सबसे अधिक प्रभावित होता है। बुजुर्ग व बच्चों के लिए भी ये खतरनाक होता है। इससे बैचेनी, श्वांस लेने मे दिक्कत और दमा तक हो सकता है। इससे गले मे खराश, बलगम आदि की समस्या हो जाती है। शहर मे उखडी सडक और निर्माण कार्य के चलते पी एम -10 की मात्रा लगातार बढ रही है। विकास के चलते जीर्ण शीर्ण पुराने भवन ध्वंस होने के परिणामस्वरूप भी पी एम -10 की सान्द्रता वायुमंडल मे बढ रही है।

शहर मे पीएम-10 की मात्रा



अक्टूबर माह मे पी एम -10 की मात्रा के आंकडे बहुत कुछ बयां कर रहे हैं जिससे वायुमण्डल की स्थिति का अनुमान स्वतः ही लगाया जा सकता है। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त तिथिवार आंकडे निम्नलिखित हैं :

दिनांक	पी एम-10
17 अक्टूबर	99.08
18 अक्टूबर	90.68
19 अक्टूबर	99.80
20 अक्टूबर	75.99
21 अक्टूबर	75.90
22 अक्टूबर	96.00
23 अक्टूबर	110.00

सभी आंकडे माइक्रोग्राम/ घनमीटर मे हैं।

शहर का ए क्यू आई मध्यम- शहर का ए क्यू आई खतरनाक तो नहीं है पर अच्छे की श्रेणी मे नहीं है। ज्यादातर दिनों मे ए क्यू आई मध्यम रहा सिर्फ 22 अक्टूबर को ए क्यू आई थोडा खराब रहा जिसे अस्वस्थकर कहा जा सकता है।

मास्क का प्रयोग करें- शहर मे सिवेज लाइन के कारण जगह जगह सडकें खुदी पडी हैं और नवीन निर्माण हो रहे हैं जिससे वायुमण्डल का संतुलन बिगड रहा है और पी एम मे इजाफा हो रहा है। पी एम से होनेवाला दुष्प्रभाव से बचाव हेतु सभी को नाक कान कपडे या मास्क से ढंककर बाहर निकलना चाहिए।

अंकिता चौहान, रसायनविद।

उज्जैन
शनिवार
31
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥
अर्थ: धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से, और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है।

खबर एक नजर...

टक्कर के बाद कार में लगी आग दो युवक और युवती थीं सवार



इंदौर। तेजाजी नगर इलाके में शुक्रवार रात कंटेनर से टकराने के बाद एक कार में अचानक आग लग गई। कार में दो युवक और एक युवती सवार थे। हादसे में किसी को चोट नहीं आई। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक, चौराहे पर एक कंटेनर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे चल रही कार कंटेनर से टकरा गई। टक्कर के बाद कार के अगले हिस्से में आग लग गई।

इंदौर में कार ने बाइक सवार को कुचला, मौत

इंदौर। राजेंद्र नगर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बेकाबू कार चालक ने पहले दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी और मौके से भागने लगा। यह देखकर वहां से गुजर रहे कंस्ट्रक्शन मटेरियल सप्लायर प्रवीण भाटी (32) ने उसे रोकने के लिए पीछा किया। इस दौरान कार चालक ने उनकी बाइक को भी जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल प्रवीण की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के केट रोड स्थित परमाणु नगर के पास की है। शुक्रवार सुबह प्रवीण पिता महेश भाटी, निवासी सुखनिवास, अपनी बाइक से काम के सिलसिले में निकले थे। इसी दौरान उनके आगे चल रही एक बेकाबू कार ने दो लोगों को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक मौके से भागने लगा। हादसा देखकर प्रवीण ने कार चालक को रोकने के लिए बाइक से उसका पीछा किया। खुद को घिरता देख चालक ने कार को लापरवाही से चलाते हुए प्रवीण की बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और पुलिस की मदद से उन्हें तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

युवक ने फांसी लगाई, मौत से पहले वीडियो बनाया

इंदौर। लसूड़िया इलाके में रहने वाले 25 वर्षीय युवक ने गुरुवार देर रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चाची उसे खाना खाने के लिए बुलाने कमरे में पहुंचीं तो वह फंदे पर लटका मिला। परिजन उसे पहले नजदीकी नर्सिंग होम ले गए, फिर एमवाय अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान रवि सोलंकी (25) पुत्र जगदीश सोलंकी, निवासी श्रीराम नगर के रूप में हुई है। परिजन ने बताया कि रवि देर रात ऑटो लेकर घर आया और ऊपर अपने कमरे में चला गया था। रात करीब 2 बजे उसे एमवाय अस्पताल लाया गया। परिवार के अनुसार, रवि की पत्नी आठ दिन पहले विवाद के बाद अपने मायके बागली चली गई थी और वापस नहीं आ रही थी। इस बात को लेकर वह परेशान था। रवि ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो बनाया था। इसमें उसने अपनी पत्नी, भोपाल में रहने वाले साढू भाई और ससुराल पक्ष के लोगों पर मानसिक रूप से परेशान करने के आरोप लगाए हैं। वीडियो में उसने इन्हीं लोगों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार बताया है। पुलिस वीडियो और युवक की मौत से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

बंद दुकानों के सामने मिला युवती का शव, शरीर पर चोटों के निशान

इंदौर। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात करीब 11 बजे एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सुगनी देवी कॉलेज के सामने स्थित बंद दुकानों के पास युवती का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही परदेशीपुरा थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। युवती के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। परदेशीपुरा पुलिस से मिली शुरूआती जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान पिंकी, निवासी भागीरथपुरा (इंदौर) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने खाली पड़ी दुकानों के बाहर युवती को बेसुध हालत में पड़े देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो युवती की मौत हो चुकी थी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए परदेशीपुरा थाना प्रभारी पंकज द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। जांच के दौरान युवती के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे मामला पूरी तरह संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवती वहां कैसे पहुंची और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि यह साफ हो सके कि आखरी बार युवती को किसके साथ देखा था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

130 की स्पीड से ट्रेन चलाकर ट्रायल रन होंगे, 5-6 नवंबर को हो सकता है सीआरएस इंस्पेक्शन

अब रेलवे टीही से धार के बीच ट्रायल रन करेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

टीही टनल में ट्रायल के बाद अब रेलवे टीही से धार के बीच ट्रायल रन करेगा। इसकी शुरूआत शुक्रवार से हो गई। आठ दिन में रेलवे सिग्नलिंग सिस्टम, ओएचई परीक्षण के बाद ट्रैक की कैपेसिटी जांचेगा। इसके साथ ही डीजल इंजन, इलेक्ट्रिक इंजन ट्रायल होगा। 130 की स्पीड से ट्रेन चलाकर ट्रायल रन होंगे। 5-6 नवंबर को सीआरएस (कमिश्नर रेलवे सेफ्टी) इंस्पेक्शन भी हो सकता है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार 30 अक्टूबर से 6 नवंबर तक सुबह 8 से रात 9 बजे के बीच 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से स्पीड ट्रायल भी किया जाएगा। इस अवधि में टीही-धार रेलखंड पर निरीक्षण व स्पीड ट्रायल के दौरान रेल लाइन पर ट्रेनों का परिचालन तेज गति से किया जा सकता है। पश्चिम रेलवे रतलाम सभी आमजन से अपील करता है कि 30 अक्टूबर से 6 नवंबर तक सुबह 8 बजे से रात्रि 9 बजे के बीच टीही व धार के मध्य रेलवे लाइन के निकट न जाएं न ही अपने पशुओं को जाने दें।

इंदौर-मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन अब सप्ताह में दो की बजाय 3 दिन चलेगी- पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए 09080/09079 इंदौर-मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन के फेरों को 5 नवंबर से द्वि-साप्ताहिक से बढ़ाकर त्रि-साप्ताहिक करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे पीआरओ मुकेश कुमार ने कहा ट्रेन इंदौर से सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को, जबकि मुंबई से मंगलवार, गुरुवार एवं रविवार को चलेगी। वहीं, विस्तारित फेरों की बुकिंग 30 अक्टूबर से शुरू होगी।



टनल के काम में लगे सात साल हर दिन 50-55 मीटर ट्रैक बिछाया

रेलवे ने पीथमपुर से धार और धार से टीही टनल तक का काम तो पहले ही पूरा कर दिया था। सबसे चुनौतीपूर्ण काम था तीन किमी लंबी टनल बनाना। 2018-19 में रेलवे ने टीही टनल का काम शुरू किया। एक साल काम चलने के बाद कोरोना में रेलवे ने कॉन्ट्रैक्ट शॉर्ट टर्मिनेट कर दिया। तब टनल का करीब डेढ़ किलोमीटर हिस्सा तैयार हो चुका था। 2023 में काम दोबारा शुरू हुआ। निर्माण कार्य नई एजेंसी के माध्यम से आगे बढ़ा। 2024 में दोनों सिरों से खुदाई करते हुए ब्रेक-थ्रू पूरा किया गया। इसी साल टनल की लाइनिंग, ट्रैक बिछाने का काम पूरा हुआ। रेलवे ने टनल में हर दिन 50-55 मीटर हिस्से में ट्रैक बिछाया।

वाहन पोर्टल की नई व्यवस्था: दस्तावेज अमान्य हुए तो 'नॉन-कम्प्लायंट' या 'आर्काइव' श्रेणी में जाएंगे वाहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

यदि आपके वाहन का रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, फिटनेस या पीयूसी (प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र) एक्सपायर हो चुका है, तो सावधान हो जाएं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने वाहनों के डिजिटल रिकॉर्ड की नई पारदर्शी व्यवस्था लागू कर दी है।

अब वाहन पोर्टल पर गाड़ी का एक्टिव स्टेटस खत्म हो जाएगा और दस्तावेजों की वैधता के आधार पर वाहन को नॉन-कम्प्लायंट अथवा आर्काइव श्रेणी में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। मंत्रालय के निर्देश पर वाहन मालिकों को सतर्क करने के लिए एसएमएस अलर्ट भेजे जा रहे हैं। अकेले इंदौर आरटीओ क्षेत्र में 45 हजार से अधिक और प्रदेशभर में लाखों वाहन मालिकों को ऐसे संदेश मिले हैं।

4 श्रेणियों में बंटेगा स्टेटस

एक्टिव-कम्प्लायंट: दस्तावेज (बीमा, पीयूसी, फिटनेस, रजिस्ट्रेशन) पूरी तरह वैध हैं। एक्टिव-नॉन-कम्प्लायंट : एक भी दस्तावेज एक्सपायर होने पर वाहन को इस श्रेणी में दर्ज किया जाएगा। टेम्परेरी आर्काइव : लंबे समय से दस्तावेज अपडेट न कराने पर अस्थायी आर्काइव में डाला जाएगा। परमानेंट आर्काइव : समयावधि पूरी होने के बाद भी लापरवाही बरतने पर वाहन इस श्रेणी में चला जाएगा।

परमानेंट में जाने पर परेशानी- आर्काइव श्रेणी में पहुंचे वाहनों को दोबारा एक्टिव कराने के लिए डिजिटल और मैनुअल दोनों तरह का वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। यदि किसी वाहन का डेटा परमानेंट आर्काइव में चला जाता है, तो उसे दोबारा एक्टिव कराने का अधिकार स्थानीय आरटीओ के पास नहीं होगा। उसे केवल केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के स्तर से ही अपडेट किया जा सकेगा। वहीं, शुरूआती चरण में आरटीओ से ही वैरिफिकेशन संभव है।



तुरंत करें ये पांच काम

बीमा नवीनीकरण: इंश्योरेंस की वैधता समाप्त होने से पहले रिन्यू कराएं। पीयूसी जांच: पीयूसी सर्टिफिकेट की मियाद समय-समय पर जांचते रहें। कमर्शियल गाड़ियों की फिटनेस: व्यावसायिक वाहनों के फिटनेस व परमिट की समय-सीमा का ध्यान रखें। ऑनलाइन पोर्टल चेक: वाहन पोर्टल पर गाड़ी का डिजिटल स्टेटस समय-समय पर ट्रैक करते रहें। एसएमएस मिलते ही : जरूरी दस्तावेज पूरे कर आरटीओ से संपर्क करें।
जिन वाहनों के इंश्योरेंस, फिटनेस या पीयूसी की वैधता समाप्त हो गई है, उनके मालिकों को परिवहन पोर्टल से एसएमएस भेजे जा रहे हैं। इसका मकसद वाहन मालिकों को सही स्थिति बताकर समय पर दस्तावेज रिन्यू कराने का अवसर देना है, ताकि बाद में उन्हें परेशानी न हो।
- प्रदीप शर्मा, आरटीओ (इंदौर)

14 जून को विभागाध्यक्ष बनाया अगले दिन प्राचार्य का निधन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश के एकमात्र गर्वमेंट डेंटल कॉलेज में दिवंगत प्राचार्य डॉ. अलका गुप्ता के हस्ताक्षर से फर्जी पत्र तैयार करने का मामला सामने आया है।

इस संबंध में संयोगितागंज थाने में शिकायत की गई है। शिकायत में आरोप लगाया है कि विभागाध्यक्ष का प्रभार हासिल करने के लिए सरकारी दस्तावेज में हेराफेरी कर पत्र तैयार किया गया। मामले में पत्र की सत्यता की जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। इसके अलावा पुलिस कमिश्नर, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आयुक्त महोदय, चिकित्सा शिक्षा विभाग संचालक, प्राचार्य को भी शिकायत की गई है। यह शिकायत अस्थायी विभागाध्यक्ष के रूप में पदस्थ डॉ. हर्ष चंसोरिया के खिलाफ की गई है। इस मामले का महत्वपूर्ण पहलू विभागाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति से जुड़ा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि डॉ. हर्ष चंसोरिया विभागीय वरीयता सूची में तीसरे स्थान पर थे। इसके बावजूद दिवंगत प्राचार्य के नाम से जारी कथित पत्र के माध्यम से उन्हें विभागाध्यक्ष का प्रभार दिलाने की अनुशंसा करवाई गई। शिकायतकर्ता ने पत्र पर किए गए हस्ताक्षरों को लेकर भी गंभीर आपत्ति जताई है। उनका दावा है कि 14 जून 2026 के पत्र पर किए गए हस्ताक्षर डॉ. अल्का गुप्ता के वास्तविक हस्ताक्षरों से मेल नहीं खाते। इसके अलावा पत्र में तारीख लिखने की शैली और मूल हस्ताक्षरों की पद्धति में भी अंतर होने की बात कही गई है। आरोप है कि डॉ. हर्ष चंसोरिया ने स्वयं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से डॉ. अल्का गुप्ता के नाम से पत्र तैयार किया और उसे कॉलेज के रिकॉर्ड में शामिल करवाया। शासकीय दंत चिकित्सालय प्राचार्या डॉ. जया जोशी ने बताया कि हमारे पास भी इसकी शिकायत आई थी। मामला कोर्ट में भी चल रहा है।

मंत्री पर आरोप लगाने वाली महिला का यू-टर्न, डिप्रेशन में बनाया वीडियो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान के साथ 20 साल से रिश्ते में होने और उनकी सांसद पत्नी अनीता चौहान पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाने वाली महिला ने यू-टर्न ले लिया है। शुक्रवार को महिला ने नया वीडियो जारी कर अपने ही आरोपों को खारिज कर दिया। वीडियो में महिला ने दावा किया है कि वह उस समय डिप्रेशन (अवसाद) में थी, इसलिए वीडियो बनाया और मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा। अब महिला का दावा है कि-मंत्री नागर सिंह चौहान और उनकी सांसद अनीता चौहान से उनके अच्छे पारिवारिक संबंध हैं। उन्हें बदनाम करने मेरा वीडियो और पत्र वायरल किया गया। इधर, गुरुवार रात मंत्री नागर सिंह ने अपनी पत्नी के साथ करवा चौथ मनाया, जिसकी फोटो उन्होनें सोशल मीडिया पर शेयर की। महिला ने मंत्री नागर सिंह की तारीफ में कहा कि वह बहुत अच्छे जनप्रतिनिधि हैं, हमेशा सबकी मदद करते हैं। मेरा बदनाम करने का इंटेंशन नहीं था। वीडियो वायरल कैसे हुआ, नहीं जानती।

नागर सिंह और उनकी पत्नी को बदनाम करने की कोशिश- रश्मि भाटिया ने कहा, जो लेटर वायरल हुआ है, वह भी मैंने ही मुख्यमंत्री जी को लिखा था। मैं मुख्यमंत्री जी से भी कहना चाहूंगी कि ऐसा कुछ नहीं है। उस समय मैं परेशान थी, इसलिए मैंने वह लेटर लिखा था।

रेप केस में 10 महीने जेल में रहा युवक दोषमुक्त

मथुरा-वृंदावन यात्रा के टिकट और तस्वीरों को कोर्ट ने माना अहम साक्ष्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

नाबालिग को 7 से 8 दिन तक कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के आरोप में करीब 10 महीने जेल में रहे युवक को विशेष पॉक्सो कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है।

अभियोजन पक्ष के आरोपों और गवाहों के बयानों में विरोधाभास के साथ ही बचाव पक्ष की ओर से पेश किए गए यात्रा संबंधी दस्तावेजों को कोर्ट ने महत्वपूर्ण माना। बचाव पक्ष का कहना था कि जिस अवधि में घटना होना बताई गई, उस दौरान आरोपी दोस्तों के साथ मथुरा-वृंदावन गया था। विशेष न्यायाधीश शिप्रा पटेल ने 28 अक्टूबर को फैसला सुनाते हुए आरोपी को संदेह का लाभ दिया

अभियोजन के अनुसार 20 मार्च 2024 को आरोपी नाबालिग को उसके घर से ले गया था। आरोप था कि इसके बाद उसे एक कमरे में बंधक बनाकर रखा और 7-8 दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में 28 मार्च 2024 को एफआईआर दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता, पॉक्सो एक्ट और एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था।



बचाव पक्ष ने पेश किए ट्रेन टिकट, पार्किंग की रसीद और तस्वीरें- आरोपी की ओर से एडवोकेट आशीष एस. शर्मा ने अदालत में दलील दी कि 20 से 24 मार्च 2024 के बीच आरोपी दोस्तों के साथ था। वह 21 से 24 मार्च तक मथुरा-वृंदावन की यात्रा पर गया था। बचाव पक्ष ने इस संबंध में गवाह पेश किए। गवाहों ने बताया कि आरोपी उनके साथ किराए के कमरे में रहता था और होली के अवसर पर सभी मथुरा-वृंदावन गए थे। इस दलील के समर्थन में इंदौर रेलवे स्टेशन की दोपहिया पार्किंग की रसीद, मथुरा आने-जाने के ट्रेन टिकट और यात्रा की तस्वीरें भी कोर्ट में पेश की गईं। कोर्ट ने फैसले में उल्लेख किया कि बचाव पक्ष के गवाहों से विस्तृत जिरह के बावजूद उनके बयान खंडित नहीं हो सके। दस्तावेजों और तस्वीरों से भी आरोपी के यात्रा पर होने की दलील को समर्थन मिला।

पीड़िता और माता-पिता के बयानों में मिले अंतर- कोर्ट ने पीड़िता और उसके माता-पिता के बयानों में घटनाक्रम को लेकर महत्वपूर्ण अंतर भी पाया। पीड़िता ने बताया था कि आरोपी उसे इंदौर से बस में महू ले गया था, जबकि उसके वापस आने और उसे लाए जाने की परिस्थितियों को लेकर माता-पिता के बयानों में अलग-अलग बातें सामने आईं। इसके अलावा जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों और मकान मालिक से पूछताछ नहीं की गई थी। बचाव पक्ष ने एफआईआर दर्ज कराने में हुई देरी का मुद्दा भी कोर्ट के सामने रखा।

सात दोस्तों के साथ कार से धार्मिक यात्रा पर गए थे, दर्शन के बाद लौटते समय अचानक सांस लेने में परेशानी होने लगी

आदि कैलाश के दर्शन कर लौट रहे इंदौर के तिलक शर्मा की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

उत्तराखंड में आदि कैलाश यात्रा के दौरान इंदौर के युवा सराफा कारोबारी तिलक शर्मा की मौत हो गई। 27 वर्षीय तिलक सात दोस्तों के साथ कार से धार्मिक यात्रा पर गए थे। बताया गया है कि दर्शन के बाद लौटते समय अचानक उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी। दोस्तों ने उन्हें ऑक्सीजन देने की कोशिश की, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। बाद में उन्हें आर्मी बेस कैंप ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

तिलक इंदौर के सराफा बाजार में कारोबार करते थे। उनकी एक खास पहचान यह भी थी कि वे उज्जैन के महाकाल मंदिर के लिए चांदी के मुकुट और भगवान के श्रृंगार की सामग्री तैयार करते थे। उनके निधन की खबर से परिवार और परिचितों में शोक का माहौल है।

तिलक के दोस्त प्रतीक के मुताबिक, सात दोस्तों का समूह धार्मिक यात्रा पर निकला था। आदि कैलाश पहुंचने से पहले सभी ने नीम करौली बाबा, जागेश्वर और मुक्तेश्वर के दर्शन किए। इसके बाद नैनीताल घूमने के बाद वे कैलाश मानसरोवर क्षेत्र पहुंचे। दर्शन के बाद वापसी के दौरान तिलक को अचानक सांस लेने में दिक्कत होने लगी। दोस्तों ने अपने पास मौजूद ऑक्सीजन किट से उन्हें ऑक्सीजन दी, लेकिन उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती रही।

इसके बाद उन्हें तत्काल आर्मी बेस कैंप ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दूसरे बेस कैंप के अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोस्त के अनुसार, अस्पताल पहुंचने के करीब 10 से 15 मिनट बाद उनकी मौत हो गई।



अधिक ऊंचाई पर सांस लेने में हुई परेशानी

आदि कैलाश क्षेत्र समुद्र तल से करीब 5,945 मीटर की ऊंचाई तक स्थित है। इतनी अधिक ऊंचाई पर हवा में ऑक्सीजन का दबाव कम होने के कारण सांस लेने में परेशानी और ऊंचाई से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। हालांकि, तिलक की मौत का सटीक चिकित्सकीय कारण पोस्टमार्टम और संबंधित मेडिकल रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगा। घटना की सूचना आईटीबीपी की ओर से धारचूला पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को राजकीय चिकित्सालय में रखवाया, जहां पंचनामा और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई।

महाकाल के लिए बनाते थे चांदी के मुकुट

तिलक शर्मा इंदौर के सराफा बाजार में अपनी दुकान चलाते थे। वे उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर के लिए चांदी के मुकुट और श्रृंगार की कई वस्तुएं तैयार करते थे। इनमें चांदी के नेत्र, कानों के आभूषण, टीका और छत्र जैसी सामग्री शामिल थी। उनके बनाए मुकुट और अन्य श्रृंगार सामग्री भगवान महाकाल के श्रृंगार में इस्तेमाल होती थी। सोशल मीडिया पर भी उनके काम से जुड़े कई वीडियो मौजूद हैं।

परिवार के इकलौते बेटे थे तिलक- तिलक अपने परिवार के इकलौते बेटे थे। उनके पिता भी उनके साथ कारोबार में सहयोग करते थे। परिवार में अगले साल होली के बाद उनकी शादी की तैयारियां होनी थीं, लेकिन इस दुखद घटना ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया।

दोस्त प्रतीक के अनुसार, पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद शव को एंबुलेंस से पिथौरागढ़ ले जाने और फिर दिल्ली के रास्ते इंदौर पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही थी। परिजन भी इंदौर से उत्तराखंड के लिए रवाना हो गए थे।

खबर एक नजर...

बायसन ने सेना के जवान को पटका, सीने में सींग लगने से मौत; 3 ने भागकर बचाई जान

नर्मदापुरम। हिल स्टेशन पचमढ़ी में एसटीआर (सतपुड़ा टाइगर रिजर्व) की सीमा से लगे सेना के एजुकेशन सेंटर के खेल मैदान में एक बायसन ने जवान पर हमला कर दिया। बायसन का सींग हृदय के पास घुसने और पेट में गंभीर चोटें आने से देहरादून निवासी जवान आकाश चौहान (26) की मौत हो गई। पचमढ़ी पुलिस ने शव बरामद कर लिया है, जिसका पोस्टमार्टम शनिवार को भोपाल में सेना अधिकारियों की मौजूदगी में होगा। थाना प्रभारी गोपाल कुमार ने बताया कि 17वीं कमांड रेजिमेंट के जवान आकाश भाषा प्रशिक्षण के लिए पचमढ़ी आए थे। गुरुवार देर शाम साथियों के साथ फुटबॉल खेलकर मैदान की सीढ़ियों पर बैठने के दौरान बायसन ने अचानक हमला कर दिया। साथी जवानों ने भागकर जान बचाई।

इंजीनियर सस्पेंड, 45 हजार लेते पकड़ाए थे 2 कर्मचारी

पन्ना। पन्ना के जल संसाधन विभाग में पदस्थ कार्यपालन यंत्री सी.बी. अहिरवार को राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। लोकायुक्त की ट्रैप कार्रवाई के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा था कि रिश्वत मांगना गलत है, लेकिन कोई प्यार से या अपनी खुशी से दे तो वे रख लेते हैं। सरकार ने उनके बयान को मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 का उल्लंघन माना। इसके बाद 30 अक्टूबर को जल संसाधन विभाग ने निलंबन का आदेश जारी कर दिया। अहिरवार को लोकायुक्त ने रिश्वत लेते नहीं पकड़ा था। उनका बयान सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कार्रवाई हुई। लोकायुक्त ने विभाग के दो कर्मचारियों को 45 हजार रुपए लेते पकड़ा था।

बुरहानपुर में हितग्राही के घर पहुंचे कलेक्टर विवेक कुमार

बुरहानपुर। बुरहानपुर में कलेक्टर विवेक कुमार शुक्रवार देर शाम हितग्राही के घर पहुंचे। उन्होंने स्वामित्व योजना के काम की जानकारी ली और पटवारी को तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शिविर के बाद कलेक्टर ने ग्राम सूक्ताखुर्द और असीर का दौरा किया। वे स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन व पंजीयन योजना की हितग्राही तड़वी बाई के घर पहुंचे और उनसे बात की। कलेक्टर ने तड़वी बाई से योजना के लाभ, प्रक्रिया और आ रही दिक्कतों के बारे में पूछा। उन्होंने स्थानीय पटवारी को योजना का काम तेज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टर भागीरथ वाखला से तय लक्ष्य के अनुसार काम में प्रगति लाने और पटवारियों के काम की नियमित निगरानी करने को कहा। दौरे के दौरान कलेक्टर ने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों से ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने को कहा, ताकि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे।

दतिया कांग्रेस ने हरदीप पुरी का पुतला जलाया

दतिया। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को मध्यप्रदेश से राज्यसभा भेजने के फैसले के विरोध में दतिया में शुक्रवार रात जिला कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किला चौक पर हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन किया और भाजपा के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने कहा कि एपस्टीन प्रकरण से जुड़े गंभीर सवालों के बीच हरदीप सिंह पुरी को मध्यप्रदेश से राज्यसभा भेजना प्रदेश की जनता की भावनाओं का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक दलित नेता से इस्तीफा लेकर विवादों में घिरे व्यक्ति को राज्यसभा भेजना भाजपा की राजनीतिक मंशा को उजागर करता है। भाजपा के इस फैसले का जवाब जनता आने वाले समय में देगी।

मैहर में 20 किलो मावा जब्त कर नष्ट कराया

मैहर। मैहर में दीपावली से पहले मिलावटी और अमानक खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार शाम शहर में जांच अभियान चलाया। इस दौरान मिठाई दुकानों से नमूने लिए गए। वहीं, ट्रेन से मावा लेकर पहुंचे एक विक्रेता के पास से 20 किलो मावा जब्त कर नष्ट कराया गया। लेबलिंग नियमों का पालन नहीं मिलने पर कुकिंग मीडियम के 59 पैक भी जब्त किए गए। कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी के निर्देश और अभिहित अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। स्टेशन रोड स्थित एक स्वीट्स दुकान से मिठाइयों के दो नमूने जांच के लिए लिए गए।

617 करोड़ का बजट, फिर भी कटनी में प्रोजेक्ट अधूरे

कटनी। कटनी नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए करीब 617 करोड़ रुपए का बजट रखा है, लेकिन शहर के 45 वार्डों में बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई काम अब भी अधूरे हैं। बजट का 50.80% हिस्सा वेतन और प्रशासनिक खर्च के लिए निर्धारित है। ऐसे में विकास कार्यों के लिए बची राशि के इस्तेमाल और कामों की निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं।

मंत्री से महिला बोली- शराब दुकान बंद कराओ

करण सिंह बोले- इनके पति को जेल में डालो;

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सीहोर

मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में एक महिला ने राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से शराब दुकान बंद कराने की अपील की। महिला की शिकायत सुनने के बाद मंत्री ने पुलिस को उसके पति के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए।

मंत्री करण सिंह ने कहा- महिला की रिपोर्ट लिखो और उसके पति को जेल में बंद कर दो। मंच और आसपास जिले के अधिकारी भी मौजूद थे, लेकिन वे चुप रहे। मंत्री ने ये बातें शुक्रवार को महोड़िया गांव में जनविश्वास कार्यक्रम के दौरान कहीं।

महोड़िया गांव की एक महिला अपने पति की शराब पीने की लत से परेशान है। इसी परेशानी को लेकर वह जनविश्वास कार्यक्रम में पहुंचीं। वहां राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से कहा- मंत्रीजी हमारे गांव की शराब दुकान को बंद करा दीजिए। महिला ने कहा- शराब ठेके के कारण गांव में आए दिन घरों में विवाद होते हैं। पति शराब पीकर मारपीट करते हैं। परिवार की कमाई



शराब खरीदने में खर्च हो रही है।महिला को उम्मीद थी कि मंत्री कार्रवाई करेंगे, लेकिन उल्टा हो गया।

मंत्री बोले- रिपोर्ट लिखो पति को बंद कर दो

मंत्री ने कहा- दादा (पति) मार रहे हैं, इनकी रिपोर्ट कर दो। टीआई कहां हैं? टीआई मैडम, महिला की रिपोर्ट लिखो और दादा को बंद कर दो। मंच और आसपास जिले के अधिकारी भी मौजूद थे, लेकिन वे चुप रहे। महिला पुलिसकर्मी पीड़ित को ही पकड़कर कार्यक्रम स्थल से बाहर ले गई।

महिला बोली- गांव में औरतों की कोई इज्जत नहीं

गांव की दूसरी महिला ने कहा- गांव में शराब पीने वाले पुरुषों के कारण महिलाएं परेशान हैं। गांव में औरतों की कोई इज्जत नहीं है। जो आदमी दारू पीते हैं, उनकी वजह से हम लोग बहुत परेशान हो चुके हैं। महिला ने बताया- हम दूसरे गांव से ब्याह के बहन-बेटियां आएं तो आएं किसलिए? यहां का ठेका बंद करवाओ। हमें लाइट भी चाहिए, बिजली भी और पानी भी चाहिए। गांव में बहुत परेशानी है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। शराब दुकान भी बंद नहीं कराया जा रहा।

बोली- रात-दिन 24 घंटे चलता है ठेका

महिला ने कहा- गांव में शराब की वजह से महिलाएं दिन-रात परेशान रहती हैं। ठेका 24 घंटे खुला रहता है। पुरुष रात में शराब पीकर आते हैं। महिलाओं को पीटते हैं। शराब पीने वाले पुरुषों के कारण पड़ोसी भी महिलाओं को परेशान करते हैं। मारपीट की नौबत आ जाती है। औरतों की इज्जत खराब करते हैं, इसलिए हमारी मांग है कि ठेका बंद होना चाहिए।

भोपाल के स्पा सेंटर में मिलीं युगांडा की दो महिलाएं

थाई आरोमा वेलनेस सेंटर में काम करती थीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल के अयोध्या नगर इलाके में शुक्रवार रात पुलिस की रूटीन चेकिंग के दौरान थाई आरोमा वेलनेस सेंटर फैमिली सैलून एंड स्पा में कई अनियमितताएं मिलीं। यहां काम करने वाली युगांडा की दो महिलाएं पुलिस को पासपोर्ट और वीजा नहीं दिखा सकीं। इसके अलावा सेंटर में काम करने वाले किसी भी कर्मचारी का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया गया था। पुलिस ने सेंटर संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, 30 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे जांच के दौरान सेंटर में 6 महिलाएं और एक पुरुष कर्मचारी मिले। इनमें रशीम उर्फ मैसी और ईरीन उर्फ नीना ने खुद को युगांडा का निवासी बताया। भारत आने का कारण पूछने पर दोनों ने नौकरी की तलाश में आने की बात कही। पुलिस द्वारा पासपोर्ट और वीजा मांगने पर वे दस्तावेज पेश नहीं कर सकीं। सेंटर की मैनेजर पूजा नरवाड़े ने बताया कि अन्य कर्मचारी भी वहां काम करते हैं, लेकिन किसी का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं मिला। पुलिस आयुक्त ने 15 सितंबर 2026 को स्पा सेंटर, ब्यूटी पार्लर और अन्य संस्थानों में कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य किया था। आदेश का पालन नहीं करने पर संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस अब दोनों विदेशी महिलाओं के भारत आने और यहां रहने से जुड़े दस्तावेजों की जानकारी जुटा रही है।

'छाती पर बंदूक अड़ाकर बोले- तुझे ठोक देंगे...

65 साल की बुजुर्ग सात डकैतों से जूझी; बोली- मुझे थप्पड़ मारे, लेकिन मासूम को छुड़ा लिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना

पलंग पर से सात महीने की मासूम को डकैतों ने उठा लिया। मैं चिल्लाती रही कि बाबूजी बच्ची मत ले जाओ। उन्होंने नहीं सुनीङ्क। मेरी छाती पर बंदूक अड़ाकर उन्होंने कहा- अम्मा तुझे यहीं मार जाएंगे। यह आपबीती उस 65 साल की बुजुर्ग मोहरबाई की है। हथियारबंद सात डकैत उनके घर में घुस गए थे। बदमाशों ने मारपीट की। 14 से 15 राउंड फायर किए। सात महीने के मासूम को ले जाने की भी कोशिश की। मोहरबाई 10 मिनट तक डकैतों से जूझीं। जैसे-तैसे बच्ची को छुड़ा लिया।

मामला झागर चौकी के बेरखेड़ी गांव में 20-21 अक्टूबर की रात का है। छह आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। एक फरार है। फायरिंग में छर्रे लगने से तीन लोग घायल हुए थे। इनमें मोहरबाई का बेटा छोटू सिंह भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भर्ती है।

मोहरबाई ने बताया कि उस रात को याद कर हाथ-पैर कांपने लगते हैं। शरीर में सिहरन पैदा हो जाती है। जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर बेरखेड़ी गांव में वीरेंद्र धाकड़ का करीब 5 हजार वर्गफीट का मकान है। खुले





में मवेशी बंधे रहते हैं। चार कमरे हैं।

मोहरबाई ने बताया कि रोजाना की तरह 20 अक्टूबर की रात परिवार के लोग खाना खाकर सो गए थे। बड़ा बेटा वीरेंद्र खेत पर गया था। एक कमरे में खुद सो रही थी। दूसरे में सात महीने की बच्ची के साथ बहू और पास वाले कमरे में दूसरा बेटा छोटू सिंह था।

रात करीब 2 बजे सात हथियारबंद बदमाश घर में घुसे। उनके पास सब्बल, लाठी, चाकू थे। दो लोग बंदूक लिए थे। मोहरबाई ने बताया कि बदमाश सबसे पहले बेटे छोटू को मारने की बात कहते हुए उसके कमरे का दरवाजा खुलवाने की कोशिश कर रहे थे। बेटे ने अंदर से कुंडी लगा ली। यह सुनकर नींद टूटी। वहां पहुंचीं, तो बदमाशों ने मेरी छाती पर बंदूक अड़ा दी। मुझे चांटे मारे। जब मैंने उनसे कहा बाबूजी, मुझे मत मारो। मेरे पास क्या है. घर में जो कुछ है, ले जाओ। मैं हाथ जोड़ती रही। बदमाशों ने आवाज नहीं निकालने की धमकी दी। बदमाश बहू के कमरे में पहुंच गए। यहां सामान फेंकने लगे। हम उनसे गुहार लगाते रहे, लेकिन वे नहीं माने। बर्तन फेंके, ताला तोड़ने की कोशिश की, पर्स उठा लिया और थप्पड़ भी मारे।

जागेश्वर कॉरिडोर:पहला चरण पूरा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ दमोह

बांदकपुर में प्रस्तावित जागेश्वर कॉरिडोर का निर्माण अब दूसरे चरण में पहुंच गया है। पर्यटन विकास निगम की करीब 100 करोड़ रुपए की इस परियोजना को पांच चरणों में पूरा किया जाना है। पहले चरण में फैकल्टी एरिया, गौशाला, फैसिलिटी सेंटर, हॉल और मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण पूरा हो चुका है। अब दूसरे चरण में विद्यालय भवन, धर्मशाला और पार्किंग सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। दूसरे चरण के लिए करीब 12 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया गया था। इसकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और एजेंसी का चयन भी कर लिया गया है। अब वर्क ऑर्डर जारी होना बाकी है। प्रोजेक्ट अधिकारी आकाश अवस्थी ने बताया कि दूसरे चरण का टेंडर फाइनल हो गया है। जल्द ही काम शुरू होगा।

200 से ज्यादा लोगों को नोटिस

कॉरिडोर निर्माण के लिए मंदिर क्षेत्र और आसपास से अतिक्रमण हटाना भी चुनौती बना हुआ है। प्रशासन अब तक 200 से अधिक लोगों को नोटिस जारी कर चुका है, लेकिन कार्रवाई बाकी है। अतिक्रमण हटने के बाद निर्माण कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परियोजना का भूमिपूजन किया था। पहले चरण में 5.95 करोड़ खर्च : परियोजना के पहले चरण में करीब 5 करोड़ 95 लाख 61 हजार रुपए की लागत से फैकल्टी एरिया, गौशाला, फैसिलिटी सेंटर, हॉल और मुख्य गेट का निर्माण कराया गया है। विद्यालय निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण परियोजना में करीब दो साल की देरी हुई। दूसरे टेंडर की प्रक्रिया में भी तकनीकी खामियों के चलते लगभग छह माह लगे।

हरदीप पुरी के सामने ठोकेंगे ताल

बैतूल के अतिथि शिक्षक ने खरीदा राज्यसभा का नामांकन फार्म

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

राज्यसभा की एक सीट के लिए भाजपा ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस अभी अपने प्रत्याशी पर फैसला नहीं कर पाई है। इसी बीच बैतूल के 55 वर्षीय अतिथि शिक्षक हरिपाल बिहारे ने चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है।

उन्होंने नामांकन फॉर्म भी खरीद लिया है। अब उन्हें चुनाव लड़ने के लिए 10 विधायकों के हस्ताक्षर चाहिए। इसके लिए वे भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के नेताओं के चक्कर लगा रहे हैं। हरिपाल का कहना है कि अगर 10 विधायक उनके फॉर्म पर हस्ताक्षर कर देते हैं तो जीत उनकी ही होगी। इतना ही नहीं, उनका दावा है कि भाजपा के 60 से 70 विधायक भी उनके पक्ष में मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने उन्हें फॉर्म भरवाने का आश्वासन दिया है। अब वे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से भी मिलने की तैयारी कर रहे हैं।

नियमित शिक्षक की नियुक्ति के बाद छूटी नौकरी

हरिपाल बिहारे बैतूल जिले की आमला तहसील के सोमलापुर के रहने वाले हैं। वे 2011 से अलग-अलग सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षक के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं। वर्ष 2017 से पीएमश्री शासकीय हाईस्कूल बड़गांव में वर्ग-2 के अतिथि शिक्षक थे। इसी साल जुलाई में स्कूल में नियमित शिक्षक की पोस्टिंग हुई तो उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। संस्कृत में एमए कर चुके हरिपाल अनुसूचित जाति से हैं। परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं।

बोले- अतिथि शिक्षकों के लिए कुछ नहीं हुआ

चुनाव लड़ने की वजह पूछने पर हरिपाल ने कहा कि अतिथि शिक्षकों के लिए सरकार ने अब तक कुछ नहीं किया है।

युवक की गोली मारकर हत्या, 8 राउंड फायरिंग:गले को चीरकर निकली बुलेट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भिंड

भिंड जिले के मोहनपुर गांव में शुक्रवार रात 8 से 9 बजे के बीच एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने कहासुनी के बाद युवक के गले पर कट्टा सटाकर गोली मारी। बुलेट गले को चीरकर निकल गई। करीब 7-8 राउंड फायरिंग हुई है। गोरमी पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान मोहनपुर निवासी 18 वर्षीय रिक्की पंडित के रूप में हुई है। कुछ लोगों ने रास्ते में उसे रोककर गोली मारी और सड़क पर शव छोड़कर भाग गए। वारदात के बाद गोरमी थाने के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई है। वारदात गोरमी की कचनाव रोड पर हुई। गोली लगने से रिक्की ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गोलीबारी के बाद कचनाव रोड और आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। सड़क पर लोगों की आवाजाही कम हो गई। कचनाव रोड के दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं। आसपास के लोगों ने घरों के गेट बंद कर लिए। घटनास्थल से लोग गायब हो गए। इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही मेहगांव एसडीओपी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। फायरिंग में शामिल लोगों की पहचान के साथ आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस विवाद की वजह और दोनों पक्षों के बीच हुई फायरिंग से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है। मामले की जांच जारी है

हाई कोर्ट ने 10% प्रमोशन कोटा रद्द किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

हाई कोर्ट ने कानून की डिग्री और 7 साल के अनुभव के आधार पर अभियोजन विभाग के लिपिकों को एडीपीओ बनाने का 10% पदोन्नति कोटा असंवैधानिक घोषित कर रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि पीएससी परीक्षा पास किए बिना इस रास्ते द्वितीय श्रेणी के अधिकारी पद पर पहुंचना पिछले दरवाजे से प्रवेश है। कोर्ट ने रोहन शर्मा, करण श्रीवास्तव व अन्य की याचिकाओं पर यह फैसला दिया। कोर्ट ने सवाल उठाया कि पीएससी परीक्षा में असफल व्यक्ति भी लिपिकीय पद पर सात साल नौकरी के बाद एडीपीओ बन सकता है, जबकि सामान्य पदोन्नति की व्यवस्था पहले से है। सरकार अलग कोटे का तर्कसंगत आधार नहीं बता सकी। अदालत ने कहा कि लिपिकीय काम और अदालत में अभियोजन की जिम्मेदारी अलग है। अभियोजक की काबिलियत नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा से जुड़ी है। अभियोजन संचालक ने भी जताई थी आपत्तिः 2019 में संचालक ने पदोन्नत अधिकारियों के कामकाज पर सवाल उठाकर कोटा हटाने की सिफारिश की थी, लेकिन सरकार ने 2021 में इसे खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कुछ अधिकारियों का आगे जिला अभियोजन अधिकारी बनना कोटे को सही नहीं ठहराता।

पत्थर की संरचना, रंग और बनावट के आधार पर साबित हो गया कि यही मूर्ति का मस्तक

स्टोर में मिला विष्णु प्रतिमा का सदियों से लापता मस्तक


नवंबर तक जोड़ेगी एएसआई; इससे जुड़े केस में वकील ने सीजेआई पर फेंका था जूता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खजुराहो

खजुराहो स्थित 11वीं सदी के जवारी (वामन) मंदिर की खंडित प्रतिमा को अगले महीने तक पुराना रूप मिल जाएगा। मंदिर के गर्भगृह में बलुआ पत्थर से बनी भगवान विष्णु की प्रतिमा का धड़, चारों भुजाएं और पैर मौजूद हैं लेकिन मस्तक लंबे समय से लापता था। ये अब पुरातत्व विभाग के स्टोर में ही मिला है।

महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत ने कहा- भगवान विष्णु की 7 फीट ऊंची प्रतिमा का मस्तक खजुराहो में ही विभाग के स्टोर रूम में रखा था। इसका खुलासा ब्रिक्स सम्मेलन में बातचीत के दौरान हुआ। इसकी पहचान के लिए प्रतिमा की तस्वीरों से मिलान किया। पत्थर की संरचना, रंग, अनुपात और भगवान विष्णु के मुकुट की विशिष्ट बनावट जैसे पहलुओं के आधार पर साबित हो गया कि यही मूर्ति का मस्तक है।

उन्होंने कहा- नवंबर 2026 तक मस्तक को प्रतिमा से जोड़ने का लक्ष्य है। हालांकि, अंतिम प्रक्रिया विशेषज्ञों की जांच और



तकनीकी आकलन पर निर्भर करेगी। हालांकि, प्रतिमा का मस्तक कब और किन हालात में अलग हुआ, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। कहीं इसे मुस्लिम शासकों के हमले के दौरान तोड़ा गया बताया है तो कहीं इसे मूर्ति तस्करी से जोड़ा गया है।

संरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट में लगाई थी याचिका

जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की प्रतिमा का सिर खंडित होने का मामला 13 जून 2025 को सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। पेशे से वकील और मूर्ति संरक्षण फाउंडेशन के चेयरमैन राकेश दलाल ने मूर्ति की मरम्मत, उसे बदलने या दोबारा बनवाने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। दलाल की मांग थी कि मंदिर के गर्भगृह में मौजूद भगवान विष्णु की खंडित प्रतिमा को सम्मानपूर्वक संरक्षित किया जाए और उसके मूल स्वरूप को बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उनकी संस्था ने इसके लिए दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया। केंद्रीय गृह मंत्री को ज्ञापन सौंपा और खजुराहो में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए जागरूकता अभियान भी चलाया था।

चीफ जस्टिस की टिप्पणी पर हुआ था विवाद

सीजेआई बीआर गवई की पीठ ने 16 सितंबर 2025 को दलाल की याचिका नंबर 32820/2025 खारिज कर दी थी। लेकिन उनकी टिप्पणी को लेकर विवाद पैदा हो गया था। उन्होंने कहा था- जाओ, अब भगवान से ही प्रार्थना करो।

उधर, मूर्ति संरक्षण फाउंडेशन के चेयरमैन राकेश दलाल ने कहा, ह्यायदि अरकनियमों के तहत अनुमति देता है, तो हमारी संस्था मस्तक जोड़ने में होने वाला रासायनिक और वैज्ञानिक संरक्षण संबंधी खर्च उठाने के लिए तैयार है।ह्ल दलाल मामले में सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ चुके हैं। उन्होंने मामले में तस्करी की आशंका को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री और संस्कृति मंत्री को पत्र लिखकर सीबीआई से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग भी की थी। विष्णु का यह मस्तक खंडित प्रतिमा पर इसी नवंबर तक जोड़ने की तैयारी है।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी आज भरेंगे नामांकन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी शनिवार को राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने 28 अक्टूबर को उन्हें मध्य प्रदेश से प्रत्याशी घोषित किया था। पुरी शुक्रवार देर रात भोपाल पहुंच गए। शनिवार सुबह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में वे विधानसभा में नामांकन दाखिल करेंगे। बता दें कि केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने 13 अक्टूबर को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। उनका कार्यकाल अप्रैल 2030 तक था। उनके इस्तीफे से खाली हुई सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। इससे पहले मंत्री कृष्णा गौर ने शुक्रवार को हरदीप सिंह पुरी के नामांकन के लिए प्रस्तावक के रूप में भाजपा कार्यालय में सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा में राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए सामान्य स्थिति में 116 मतों का कोटा है। हालांकि, कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा मतदान में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। ऐसे में 229 विधायकों के आधार पर चुनावी गणित तय होगा। जीत का कोटा निर्धारित नियमों के अनुसार तय किया जाएगा।

श्रद्धा कपूर की फिल्म ईठा का ट्रेलर रिलीज

विठाबाई के किरदार में छाईं एक्ट्रेस; इवेंट में मराठी लुक में पहुंची, फोटोग्राफर ने फूल दिया



श्रद्धा कपूर की अपकमिंग फिल्म ईठा का ट्रेलर आज दोपहर रिलीज हुआ। फिल्म में श्रद्धा मशहूर लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभा रही हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 4 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में रणदीप हुड्डा, मोहम्मद जीशान अय्यूब और नाना पाटेकर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म ईठा का ट्रेलर महाराष्ट्र की लोककला तमाशा और लावणी की दुनिया दिखाता है। ट्रेलर में कला, संघर्ष और अपने सम्मान के लिए लड़ाई नजर आती है। श्रद्धा विठाबाई के किरदार में दमदार लग रही हैं। उनके डायलॉग भी असर छोड़ते हैं। एक जगह वह कहती हैं, देखते हैं क्या टूटता है, मेरा भरोसा या मेरा घमंड। मेरा भरोसा ही मेरा घमंड था रे। जब वो टूट गया ना, सब टूट गया।

वहीं मुंबई के दादर में आयोजित फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अभिनेत्री श्रद्धा कपूर पारंपरिक महाराष्ट्रीयन नौवारी साड़ी पहनकर पहुंचीं। इस दौरान एक फोटोग्राफर ने उन्हें गुलाब का फूल दिया।

मोहम्मद जीशान अय्यूब के डायलॉग्स भी ध्यान खींचते हैं

मोहम्मद जीशान अय्यूब का अंदाज भी ध्यान खींचता है। उनके डायलॉग्स भी शानदार हैं। ट्रेलर में वह श्रद्धा कपूर के किरदार ईठा से कहते हैं, तुझसे तो नाच के मुकाबले में तकदीर भी नहीं जीत सकती, ईठा। बिना नाचे जाएगी क्या? देख, आसमान का मंडप है, चांद की लाइट है, हवाओं के स्पीकर हैं। कोई हो न हो, तेरा रिवाज तो है। तू ही कहती थी न कि पड़े-पड़े मरी तो बेचारी कहलाऊंगी। इसके बाद ईठा कहती है, पर नाचते हुए मरी तो मिसाल बन जाऊंगी।

200 करोड़ की ठगी केस में नोरा फतेही को समन

2 नवंबर को कोर्ट में पेश होने के निर्देश; ठग सुकेश से महंगे गिफ्ट लेने का आरोप

ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नोरा फतेही को समन जारी किया गया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने नोरा फतेही को 2 नवंबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने उन्हें इस मामले में सरकारी गवाह के रूप में अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया है। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दाखिल तीसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट के आधार पर कोर्ट ने यह आदेश जारी किया है।

दरअसल सुकेश पर आरोप है कि उसने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति सिंह से करीब 200 करोड़ रुपए की ठगी की थी। नोरा पर इन्हीं ठगी के पैसों से महंगे गिफ्ट्स लेने का आरोप है।

ठगी के पैसे से मिले महंगे गिफ्ट्स से जुड़ा विवाद

इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मामले में नोरा फतेही से कई बार पूछताछ की थी। नोरा पर आरोप है कि उन्होंने सुकेश या उसके सहयोगियों से लग्जरी गाड़ियां, महंगे बैग और ज्वेलरी जैसे सामान मिले थे।



नोरा और सुकेश को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की की जा चुकी है। इस दौरान नोरा ने खुद 1 करोड़ से ज्यादा कीमत की लग्जरी गाड़ी गिफ्ट में लेने की बात कबूल की थी। ये कार नोरा को 2020 में हुए एक ईवेंट के दौरान चेन्नई में गिफ्ट की गई थी। हालांकि, नोरा फतेही ने हमेशा किसी भी गलत काम में शामिल होने से इनकार किया है। उन्होंने जांच एजेंसियों को दिए बयानों में कहा था कि वे खुद इस मामले में पीड़ित (विक्टिम) रही हैं।


तीसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट के आधार पर भेजा गया समन

मामले की सुनवाई कर रही दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने नोरा फतेही को 2 नवंबर को अदालत के सामने उपस्थित होने को कहा है। जांच एजेंसियों ने सुकेश चंद्रशेखर और उसके नेटवर्क के खिलाफ चल रही जांच में तीसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। इस चार्जशीट में नोरा के बयान को केस की पैरवी मजबूत करने के लिए जरूरी माना गया है।

जैकलीन भी इस मामले में आरोपी

वहीं एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस इस मामले में मुख्य आरोपी हैं। एऊ की जांच में सामने आया था कि सुकेश ने ठगी के इन पैसों से जैकलीन फर्नांडिस को करोड़ों रुपए के कीमती गिफ्ट्स दिए थे।

पाकिस्तान के मंदिर में लगा रामायण का पोस्टर



लोगों ने जय श्रीराम के नारे भी लगाए, फिल्म को ऑस्कर मिलने की प्रार्थना की

वीडियो सुमित चांगरा के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया है। वो अक्सर पाकिस्तान में रहने वाले हिंदू समुदाय की संस्कृति और उनकी जीवनशैली से जुड़े वीडियो बनाते हैं। रणबीर कपूर की फिल्म रामायण को लेकर पाकिस्तान में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान के कराची में एक मंदिर में फिल्म रामायण का पोस्टर लगाया गया है। यूट्यूब पर सामने आए एक वीडियो में यहां हिंदू समुदाय के कुछ लोग ह्यजय श्री रामह्न के नारे लगाते नजर आए।

वीडियो में कराची के एक मंदिर में फिल्म का पोस्टर दिखाई दे रहा है। पोस्टर में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश नजर आ रहे हैं। ये फिल्म में भगवान राम, सीता और रावण की भूमिकाएं निभा रहे हैं। वीडियो में लोग फिल्म की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते दिख रहे हैं। कुछ लोगों ने इसके ऑस्कर जीतने की उम्मीद भी जताई।

रणबीर कपूर की फिल्म रामायण को लेकर भले ही पाकिस्तान में भी चर्चा हो रही है, लेकिन वहां फिल्म की थिएटर रिलीज को लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

द फ्री प्रेस जर्नल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक और सैन्य तनाव के चलते वहां भारतीय फिल्मों की रिलीज पर पाबंदियां हैं। वहीं, अगस्त 2026 में प्रकाशित पाकिस्तान शोबिज की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय फिल्मों के लिए ठडउ जारी करना बंद कर दिया था। फिल्म के मेकर्स ने इंटरनेशनल डिस्ट्रीब्यूशन के लिए सोनी पिक्चर्स के साथ साझेदारी की है। हालांकि, दुनियाभर में रिलीज की योजना होने का मतलब यह नहीं है कि फिल्म को हर देश में रिलीज करने की अनुमति मिल गई है।

रंग दे बसंती के बाद फिर जयपुर पहुंचे कुणाल कपूर

नए प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए आए, एयरपोर्ट पर फैंस के साथ खिंचवाई तस्वीरें

बॉलीवुड एक्टर कुणाल कपूर शुक्रवार को जयपुर पहुंचे। वे मुंबई से एयर इंडिया की फ्लाइट से गुलाबी नगरी आए हैं। अभिनेता यहां एक नए प्रोजेक्ट की शूटिंग के सिलसिले में पहुंचे हैं। जयपुर एयरपोर्ट पर उनके पहुंचने की जानकारी मिलते ही फैंस उनके आसपास जुट गए।




कुणाल भी प्रशंसकों से मिलकर काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने मुस्कुराते हुए सभी का अभिवादन किया और फैंस के साथ तस्वीरें भी क्लिक करवाईं।

कुणाल कपूर का जयपुर से पुराना जुड़ाव रहा है। वे इससे पहले आमिर खान के साथ चर्चित फिल्म ह्यरंग दे बसंतीह्न की शूटिंग के सिलसिले में भी शहर आ चुके हैं। वर्ष 2006 में रिलीज हुई इस फिल्म में उन्होंने असलम खान का किरदार निभाया था। फिल्म में आमिर खान, सिद्धार्थ, आर. माधवन, शरमन जोशी और सोहा अली खान जैसे कलाकार भी नजर आए थे।


फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला और यह कुणाल के करियर की अहम फिल्मों में शामिल हुई। करीब दो दशक बाद एक बार फिर शूटिंग के सिलसिले में जयपुर पहुंचना उनके लिए पुराने अनुभवों को ताजा करने वाला मौका है।

कुणाल कपूर का जयपुर से पुराना जुड़ाव रहा है। वे इससे पहले आमिर खान के साथ चर्चित फिल्म ह्यरंग दे बसंतीह्न की शूटिंग के सिलसिले में भी शहर आ चुके हैं। कुणाल कपूर ने हिंदी सिनेमा में अपने अभिनय करियर की शुरूआत वर्ष 2004 में एम.एफ. हुसैन की फिल्म मीनाक्षी : ए टेल ऑफ थ्री सिटीज से की थी। हालांकि, उन्हें व्यापक पहचान राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म रंग दे बसंती से मिली।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ




जोक्स

मास्टर जी: सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्र: किताब में
मास्टर जी: कैसे?
छात्र: क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचर: कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्र: बनिए !
टीचर: वो कैसे ?
छात्र: क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. दैत्य, असुर-3
3. रुकावट, बाधा-4
6. सम्मान-2
7. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
8. मूल, कंद-2
9. सलाह, मशवरा-2
10. मोटा आटा-2
12. सलाह देने वाला-5
14. जलाना-3
17. माला का मोती-3
19. उग्रवाद, हिंसा वाद-5
22. शराब, मदिरा-2
24. दुख, कष्ट-2
25. चेतना, ध्यान-2
27. सालन, रसा-3
28. श्राणेंद्रिय, इज्जत-2
29. राजकुमार (उर्दू-4)
30. अस्तित्व, प्राण तत्व-3

ऊपर से नीचे

1. खैरात, दक्षिणा-2
2. गोलाकार-5
3. नश्वर, जो कभी न मरे-3
4. प्रतिदिन-2
5. हृदय स्पंदन-4
6. विचार-3
9. मार्ग, रास्ता-2
11. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13. बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15. सीरा, एक मिष्ठान्न-3
16. पतंग के पेच लड़ाना-5
17. बेसुध, अलमस्त-4
18. कार्य-2
20. जरा, थोड़ा-2
21. दरवाजा खटखटाना-3
23. इन्होंने कृष्ण को पाला था, कृष्ण की दूसरी मां-3
26. उकसावा, बढ़ावा-2
28. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

माथा पच्ची

24		4		2		8	=	40
25		10		25		8	=	48
25		5		2		3	=	45
3		10		25		3	=	15
=		=		=		=		=
21		18		23		16	=	29 / 10

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

ग	ट	न	ल	वे	म	ज	व	न	र	क
र	था	बु	ल	आ	बा	जी	द	इ	ल	ल
म	य	दे	पू	ह	जी	रम	न	क्क	क	हो
म	ची	व	श	ट	ज	प	म	पा	त	म
सा	त	ई	पा	में	य	ओं	न	अ	कै	क्क
ला	भे	म	सु	प	भं	र	न	ई	र	बु
श	जं	र्म	भे	ता	क	सा	या	म	ज	ल
क	क	ग	ए	सं	ज	प	र	ली	म	ए
ब्रे	बो	र्न	य	त	थि	क	री	जि	प	क्ल
त	ट	जु	न	ज	वा	त्र	ठ	न्दा	ता	प्रे
वे	बी	लो	नि	या	ल	र	न	रा	त	स

शब्दजाल में जॉन अब्राहम की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

बाबुल, काबुल एक्सप्रेस, जिन्दा, गरम मसाला, काल, कर्म, एतबार, साया, पाप, जिस्म.

अष्टयोग

7	5	6		4		1
	42		33	1	23	
1				3		2
2	25	3	34	7	39	6
		4			5	
	24	1	33		35	4
4	3		7	6	1	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

35	x	10	+	25	+	8	=	30
-		+		+		+		-
28	-	24	+	50	-	42	=	12
+		-		-		-		+
15	+	30	+	50	-	35	=	60
-		+		-		-		-
20	+	20	-	10	-	10	=	20
=		=		=		=		=
22	+	24	-	15	+	5	=	34

अष्टयोग का हल

1	2	3	4	5	6	7
6	22	1	30	2	38	4
2	3	4	5	6	7	1
7	30	2	38	3	33	6
3	4	5	6	7	1	2
5	39	7	43	4	25	5
4	5	6	7	1	2	3

शब्दजाल का हल




सूडोकू नवताल-

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2




इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद भी चुनाव की जांच करेगी

विदेशी दखल का आरोप; चुनाव आयोग बोला- इससे नतीजों पर कोई असर नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद इस हफ्ते हुए चुनाव में विदेशी दखल के आरोपों की जांच करेगी। न्यूज चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक, इस जांच में मोसाद के साथ आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट भी शामिल होगी। आरोप है कि कतर और कुछ दूसरे देशों ने मंगलवार को हुए चुनाव में अरब वोटर्स को पैसे देकर ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाने की कोशिश की।

इस चुनाव में अरब पार्टियों को कुल 19 सीटें मिली हैं। यह इतिहास में उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पार्टी के नेताओं ने भी अरब पार्टियों पर चुनाव में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं।



इजराइल के केंद्रीय चुनाव आयोग ने साफ किया है कि जांच का दायरा सीमित है। आयोग के मुताबिक, इस मामले से चुनाव के नतीजों पर कोई असर नहीं पड़ा है और न ही नतीजों पर सवाल उठता है।

रिपोर्ट- इजराइल में विरोधी से जा मिला नेतन्याहू का करीबी

इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सहयोगी दल यूनाइटेड टोरा जूडिज्म ने विपक्षी नेता गादी आइजनकोट को प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव दिया है। पार्टी को चुनाव में 7 सीटें मिली हैं। चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक, पार्टी ने समर्थन के बदले हरेदी समुदाय के लोगों को अनिवार्य सैन्य सेवा से छूट देने की मांग की है। इजराइल में आमतौर पर नागरिकों के लिए सेना में सेवा देना अनिवार्य है। हालांकि, हरेदी समुदाय के धार्मिक छात्रों को अब तक इससे बड़े स्तर पर छूट मिलती रही है।

इजराइल में सरकार बनाने के लिए 42 दिन मिलेंगे

इजराइल में सरकार बनाने के लिए चुने गए नेता को शुरूआत में 28 दिन का समय मिलता है। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रपति इसे 14 दिन और बढ़ा सकते हैं। यानी सरकार बनाने के लिए कुल 42 दिन मिल सकते हैं। इस दौरान नेता को दूसरी पार्टियों से बातचीत कर समर्थन जुटाना होता है। इसके लिए पार्टियों के बीच नीतियों और मंत्रिपदों को लेकर समझौते हो सकते हैं। सरकार बनाने के लिए आम तौर पर संसद में 61 सीटों का समर्थन जरूरी होता है। अगर नेता 61 सीटों का समर्थन नहीं जुटा पाता, तो वह छोटी पार्टियों के सहयोग से अल्पमत सरकार बनाने या दो नेताओं के बीच बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनने का समझौता करने की कोशिश भी कर सकता है।

अमेरिका- मिडटर्म चुनाव की शुरूआती वोटिंग, रिपब्लिकन पार्टी पीछे

अमेरिका में 3 नवंबर को मिडटर्म चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले ही शुरूआती वोटिंग शुरू हो गई है। अब तक करीब 4 करोड़ लोग वोट डाल चुके हैं। रॉयटर्स और इप्सॉस के सर्वे के मुताबिक, अर्ली वोटिंग में राष्ट्रपति ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी पीछे चल रही है। विपक्षी डेमोक्रेट्स को 47% और रिपब्लिकन पार्टी को 36% वोटरों का समर्थन मिल रहा है। इस बीच ट्रम्प ने अमेरिका के 30 राज्यों से वोटर लिस्ट की मांगी की है। माना जा रहा है कि ट्रम्प इस डेटा के जरिए विरोधी वोटरों की पहचान कर उन पर दबाव बनाने की कोशिश कर सकते हैं।



श्रीकाकुलम में 'अर्नब' के कारण आई अचानक बाढ़ के बाद, ड्रोन से ली गई तस्वीर में नेशनल हाईवे 16 पर पानी भर गया। बाघालाटी बांध से छोड़े गए पानी के कारण बाढ़ आई है।

तूफान अर्नब का असर

राजस्थान में ओले गिरे, उत्तराखंड में हुई बर्फबारी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मौसम विभाग का कहना है कि देश में अभी भी अर्नब तूफान का असर बना हुआ है। उत्तराखंड के केदारनाथ और बद्रीनाथ में बर्फबारी हो रही है।

ओडिशा में चक्रवात से हुई भारी बारिश के बाद शुक्रवार को बाढ़ और भूस्खलन से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में नौ महीने का बच्चा भी शामिल है। वहीं, राजस्थान में बारिश हुई और ओले गिरे। इसके चलते कई जिलों में तापमान 5 डिग्री तक गिर गया।

अंडमान सागर के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र एक 'डिप्रेशन' में बदल सकता है, जिसके कारण 2-3 नवंबर को तटीय आंध्र प्रदेश में एक नया चक्रवात टकरा सकता है, इससे भारी बारिश हो सकती है।

अगले 2 दिन के मौसम का अपडेट

1 नवंबर- अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, रायलसीमा, केरलम और आंध्र प्रदेश में बारिश का यलो अलर्ट है।

2 नवंबर- आंध्र प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। तेज हवाएं भी चलेंगी। ओडिशा, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, पुडुचेरी, रायलसीमा, केरलम और कर्नाटक में यलो अलर्ट है। श्रीकाकुलम में 'अर्नब' के कारण आई अचानक बाढ़ के बाद, ड्रोन से ली गई तस्वीर में नेशनल हाईवे 16 पर पानी भर गया। बाघालाटी बांध से छोड़े गए पानी के कारण बाढ़ आई है। ओडिशा के गंजाम में चक्रवात 'अर्नब' के कारण हुई भारी बारिश के बाद, एक पुल के पास उफान पर बहती नदी। झारखंड के रांची में धुंध भरी सुबह के समय स्कूली छात्र और अन्य लोग साइकिल चलाते हुए नजर आए।

होर्मुज में 27 भारतीयों वाले जहाज पर हमला

इंजन रूम में लगी आग; एक महीने में भारतीय क्रू वाले जहाजों पर 5 बार हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ होर्मुज

होर्मुज में शुक्रवार को 27 भारतीय क्रू सदस्यों वाले तेल टैंकर एमटी लुईस 1 पर हमला हुआ। पनामा के झंडे वाले इस टैंकर पर दो लिम्पेट माइंस लगाई गई थीं। धमाके की वजह से इंजन रूम में आग लग गई और जहाज कुछ समय के लिए बंद हो गया। लेकिन क्रू ने आग बुझा दी। भारत के केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने बयान जारी कर कहा कि सभी नाविक सुरक्षित हैं और किसी को चोट नहीं लगी है।



पहली बार लिम्पेट माइंस का इस्तेमाल

रॉयटर्स के मुताबिक, फरवरी में संघर्ष शुरू होने के बाद यह होर्मुज में लिम्पेट माइंस के सफल इस्तेमाल की पहली घटना है। यह हमला होर्मुज से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों पर जारी हमलों की कड़ी का हिस्सा है। फरवरी में अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध बढ़ने के बाद इन हमलों में तेजी आई है। ब्रिटिश नौसेना की एजेंसी यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस के अनुसार, हमला ओमान के खासाब से 46 किलोमीटर दूर में हुआ।

अमेरिकी चुनाव के बाद ईरान पर हमले की तैयारी

अमेरिका और इजराइल 3 नवंबर को होने वाले अमेरिकी मिडटर्म चुनाव के बाद ईरान पर फिर हमले करने की योजना बना रहे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक, दोनों देश छोटी लेकिन तेज सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इसमें ईरान के ऊर्जा ठिकानों, परमाणु केंद्रों और मिसाइलों व ड्रोन के भंडार को निशाना बनाया जा सकता है। ईरान ने गुरुवार को बताया था कि उसे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का पत्र मिला है, लेकिन उसने अभी जवाब नहीं दिया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक, इस पत्र का मकसद दोनों देशों के बीच शांति वार्ता फिर शुरू करना था।

पूर्व बांग्लादेशी अफसर पर रॉ जासूस होने का शक:

एक दिन पहले शव मिला; हसीना के भागने का वीडियो बनाने के बाद नौकरी से निकाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में शेख हसीना के भारत भागने का वीडियो बनाने वाले एयरफोर्स अधिकारी केएम तौसीफ सौरी का शव 28 अक्टूबर को ढाका की तुराग नदी में मिला। उन पर भारत की खुफिया एजेंसी फ्अह से जुड़े होने का आरोप लगा था। बांग्लादेश के अखबार अमर देश ने आरोप लगाया था कि एयरफोर्स की जांच में कुछ अधिकारियों के फ्अह से संबंध सामने आए हैं। हालांकि, बांग्लादेश के सैन्य जनसंपर्क निदेशालय ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था।

जेब में मिले आईफोन से पहचान हुई

बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार के मुताबिक अधिकारी का शव राजाबाड़ी घाट के पास मिला। सौरी ने सफेद पेंट और काली शर्ट पहनी हुई थी। शुरूआत में पुलिस शव की पहचान नहीं कर सकी। उनकी जेब से मिले आईफोन की मदद से पहचान हुई। शव के साथ एक कलाई घड़ी भी मिली। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ढाका के शहीद सुहरावर्दी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। 5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना की सरकार गिर गई थी। इसके बाद वे हेलिकॉप्टर से भारत आ गई थीं। उनका देश छोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

इस घटना के कुछ दिन बाद सितंबर 2024 में सौरी को एयरफोर्स से हटा दिया गया। उनके पिता के मुताबिक, परिवार को बताया गया था कि उन्हें अनुशासन से जुड़ी वजहों से हटाया गया है। हालांकि, परिवार का कहना था कि सौरी का रिकॉर्ड अच्छा था और वे करीब 200 घंटे विमान उड़ा चुके थे। एयरफोर्स ने भी कहा था कि उन्हें हटाने का हसीना के वीडियो से कोई संबंध नहीं था। उन्हें नियमों के तहत सेवा से रिटायर किया गया था।

पॉडकास्ट में बोले थे- रॉ वाली रिपोर्ट प्रोपेगेंडा थी

जुलाई 2026 में सौरी 'स्पीक विद राशिद' नाम के पॉडकास्ट में शामिल हुए थे। उनसे पूछा गया कि क्या हसीना का वीडियो बनाने की वजह से उनकी नौकरी गई थी? इस पर उन्होंने कहा था, ह्यहो सकता है। रॉ से संबंधों के आरोपों पर उन्होंने कहा था कि रिपोर्ट प्रोपेगेंडा थी। इसके जरिए उनके खिलाफ गलत बातें फैलाई गई थीं।

पुतिन की चेतावनी- रूस से टकराव महंगा पड़ेगा

बोले- बाल्टिक सागर में जहाजों की आवाजाही न रोकें, वरना होर्मुज जैसे हालात बनेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूरोपीय देशों को चेतावनी दी है कि रूस से टकराव बढ़ाना उनके लिए महंगा पड़ सकता है। मॉस्को में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पुतिन ने कहा, अगर बाल्टिक सागर में जहाजों की आवाजाही रोकने की कोशिश की गई, तो वहां भी होर्मुज जैसे हालात बन सकते हैं।

पुतिन ने कहा कि रूस यूरोप के साथ युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर कोई देश उससे टकराव करता है तो उसे इसके नतीजों के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तनाव बहुत ज्यादा बढ़ा तो किसी की जीत नहीं होगी। बाल्टिक सागर रूस और यूरोप के बीच सामान लाने-ले जाने का एक अहम रास्ता है। रूस समेत कई यूरोपीय देश इसका इस्तेमाल व्यापार के लिए करते हैं। यहां से तेल, गैस और दूसरी चीजें जहाजों के जरिए एक देश से दूसरे देश पहुंचाई जाती हैं।



यूक्रेन से जंग शुरू होने के बाद रूस और यूरोपीय देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। बाल्टिक सागर के आसपास नाटो देशों की मौजूदगी भी है। रूस को डर है कि अगर यूरोपीय देशों ने उसके जहाजों को इस रास्ते से गुजरने से रोका, तो उसके व्यापार पर असर पड़ेगा।

पुतिन इसी बात को लेकर चेतावनी दे रहे हैं। उनका कहना है कि अगर जहाजों की आवाजाही रोकी गई तो हालात बिगड़ सकते हैं। इसका असर सिर्फ रूस पर नहीं, बल्कि दूसरे देशों के व्यापार पर भी पड़ेगा।

पुतिन ने फिनलैंड और नॉर्वे के पीएम से बातचीत का बचाव किया

पुतिन ने फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्टोरे से फोन पर हुई बातचीत का भी बचाव किया। दोनों नेताओं ने इसी हफ्ते उनसे बात की थी। यूरोप के कुछ नेताओं ने रूस से बातचीत करने के उनके फैसले की आलोचना की थी। पुतिन ने कहा कि रूस और यूरोपीय देशों के बीच रिश्ते सुधारने के लिए बातचीत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि मॉस्को यूरोप के साथ संबंध बेहतर करने की कोशिशों के लिए तैयार है।

अमेरिकी-इजराइली धर्मगुरु ने गाय की पूजा करने का मजाक उड़ाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क

अमेरिका में रहने वाले इजराइली मूल के रब्बी योसी मिजराही ने हिंदुओं के गाय की पूजा करने का मजाक उड़ाया है। उन्होंने भारतीय डॉक्टरों को लेकर भी अपमानजनक टिप्पणी की। मिजराही ने वीडियो में दावा किया कि भारत में लोग गाय का पेशाब पीते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ भारतीय डॉक्टर भी ऐसा करते हैं। उन्होंने दिल्ली की सड़कों पर गायों के बैठने और उनकी वजह से ट्रैफिक रुकने का भी मजाक उड़ाया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भारत और इजराइल के लोगों ने उनकी आलोचना की। कई लोगों ने उन्हें नस्लवादी बताया और कहा कि उन्होंने हिंदुओं की धार्मिक परंपराओं का अपमान किया है। वायरल वीडियो में मिजराही भारत के एक व्यक्ति का जिक्र करते हैं। उनका दावा है कि वह व्यक्ति पहले उनके फेसबुक पेज के लिए काम करता था और यहूदी धर्म अपनाना चाहता था।

19 हजार करोड़ की डील, यूरोप-कनाडा उठाएंगे पूरा खर्च; जेलेंस्की ने हर महीने 100 मिसाइलें मांगीं

अमेरिका यूक्रेन को 500 पैट्रियट मिसाइलें बेचेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कीव

अमेरिका ने यूक्रेन को 500 पैट्रियट मिसाइलें बेचने की मंजूरी दे दी है। इस डील की कीमत करीब 19 हजार करोड़ रुपए है। इसका पूरा खर्च यूरोपीय देश और कनाडा उठाएंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूसी हमलों से बचाव के लिए हर महीने 100 मिसाइलें देने की मांग की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को इस संभावित सौदे को मंजूरी दी। इसके तहत यूक्रेन को पैट्रियट का सबसे आधुनिक वर्जन ढअउ-3 टरए मिसाइलें मिलेंगी। ये मिसाइलें हवा में ही दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट कर सकती हैं।

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अमेरिका की मंजूरी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा शर्तों के मुताबिक इनकी सप्लाई शुरू होने में कई साल लग सकते हैं। उन्होंने अमेरिका से जल्द मिसाइलें देने का रास्ता निकालने की अपील की।



पोस्ट करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि 500 मिसाइलें सर्दियों में यूक्रेन की हवाई सुरक्षा के लिए काफी मददगार हो सकती हैं। लेकिन रूस के हमलों का खतरा अभी है, इसलिए इनकी जरूरत भी अभी है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बताया कि अक्टूबर के पिछले दो हफ्तों में रूस ने यूक्रेन के अहम ठिकानों पर 30 से ज्यादा हमले किए हैं। उनके मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति पुतिन सर्दियों से पहले यूक्रेन की जरूरी सेवाओं को ठप करना चाहते हैं। रूस बिजली, घरों को गर्म रखने की व्यवस्था, पानी की सप्लाई और पुलों को निशाना बना रहा है।

जेलेंस्की ने सुझाव दिया कि अमेरिका, यूरोपीय देश और दूसरे सहयोगी अपने पास मौजूद मिसाइलों के भंडार से यूक्रेन को तुरंत मदद दें। बाद में नई मिसाइलों का उत्पादन करके उनके भंडार की भरपाई की जा सकती है। इससे 2026-27 की सर्दियों में यूक्रेन को जरूरी सुरक्षा मिल सकेगी। रूस ने 29 अक्टूबर को यूक्रेन के मध्य में स्थित निप्रो शहरे के रेलवे स्टेशन पर ड्रोन हमला किया। इसमें 14 लोगों की मौत हुई थी। रूस ने 29 अक्टूबर को यूक्रेन के मध्य में स्थित निप्रो शहरे के रेलवे स्टेशन पर ड्रोन हमला किया। इसमें 14 लोगों की मौत हुई थी। यूक्रेन के सामने मिसाइलों की कमी बड़ी चुनौती है। जेलेंस्की ने इसी हफ्ते बताया था कि कीव करीब एक महीने से अमेरिका की मंजूरी का इंतजार कर रहा था। इन मिसाइलों का इस्तेमाल पैट्रियट और ठअरअटर एयर डिफेंस सिस्टम में होना है।



■ वर्ष-12 अंक-357 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

नास्ति सत्यसमो धर्मो न सत्याद्विद्यते परम्।
न हि तीव्रतरं किञ्चिदनृतादिह विद्यते॥

भावार्थ : सत्य जैसा अन्य धर्म नहीं। सत्य से पर कुछ नहीं। असत्य से ज्यादा तीव्रतर कुछ नहीं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 31 अक्टूबर, 2026

सत्येन धार्यते पृथ्वी सत्येन तपते रविः।
सत्येन वायवो वान्ति सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम्॥

भावार्थ : सत्य से पृथ्वी का धारण होता है, सत्य से सूर्य तपता है, सत्य से पवन चलता है। सब सत्य पर आधारित है।

सम्पादकीयम्

मानसिकतायाः स्रोतः

सः युवकान् पतिपत्न्याः अन्वेषणकाले दीर्घस्कर्टधारिणः स्त्रियः चिन्वन्तु इति उपदेशं दत्तवान् आसीत्। देशः भिन्नः, घटना च भिन्ना, तथापि मानसिकतायाः स्रोतः, केनचित् प्रकारेण, समानः इति भासते। तथापि अपराधिनः हस्तबन्धनसमर्थं वस्त्रं जगति नास्ति। न च कदापि कश्चन समयः अस्ति यदा स्त्रियाः स्वतन्त्रतायाः न्यूनीकरणेन पुरुषाणां अपराधिकचित्तस्य निराकरणं भविष्यति। वास्तविकः प्रश्नः एषः भवितुमर्हति यत् एतावता वर्षाणां व्यतीतानां, एतावता घटनानां घटने अपि अपराधिनां मध्ये अद्यापि नियमस्य विषये अपर्याप्तं भयं किमर्थम्? दण्डस्य कानूनी प्रावधानं भवति इति एकं वस्तु; समये दण्डस्य निर्धारणं प्रवर्तनं च अन्यत् एव। बलात्कारस्य, पोक्सो-प्रकरणानाम् च कृते सर्वकारेण द्रुतमार्गविशेषन्यायालयाः स्थापिताः सन्ति। २०२५ तमस्य वर्षस्य डिसेम्बरमासपर्यन्तं देशे ७७३ एतादृशाः न्यायालयाः कार्यरताः आसन्, येषु २४३,६१५ प्रकरणाः लम्बिताः आसन्। एतेन न तात्पर्यं यत् प्रत्येकस्मिन् लम्बितप्रकरणे न्यायः अङ्गीकृतः अथवा प्रत्येकं अभियुक्तः उत्तरदायित्वात् पलायितवान् तथापि समये न्यायप्रदानस्य अपारं आव्हानं अवश्यमेव प्रकाशयति। अपराधी किमर्थं विश्वासं अनुभवति यत् नियमः तान् न गृह्णीयात्-अथवा न्यूनतया कालान्तरे तत् न गृह्णीयात्? अग्रिमे समये बलात्कारस्य वार्ता आगच्छति तदा कश्चन पृच्छति यत् किमर्थं सा तत्र अपि गता? प्रश्नस्य पुनः स्वरूपं निमार्तुं प्रयतस्वः किमर्थं न सा तत्र गन्तुं शक्नोति? किन्तु स्त्री भोजनं न भवति। न मनुष्यः बुभुक्षितः पशुः यः तस्य पुरतः अन्नं दृश्यमानं क्षणं प्रहारं कर्तुं बाध्यः भवति।

मतचोरी इति विषये नवम्बर्-मासस्य प्रथमे दिने दिल्लीनगरे

काङ्ग्रेस-पक्षस्य शक्तिप्रदर्शनं भविष्यति; राहुल गान्धी कथयति यत्, लाठिभ्यः मा भयम् इति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

मतचोरी इत्यस्य आरोपानाम् विषये काङ्ग्रेसपक्षेण केन्द्रसर्वकारस्य निर्वाचनआयोगस्य च विरुद्धं अभियानं तीव्रं कृतम् अस्ति। लोकसभायां विपक्षस्य नेता राहुलगान्धी इत्यनेन दिल्लीनगरस्य रामलीला मैदाने नवम्बर्-मासस्य प्रथमदिनाङ्के निर्धारित-यात्रायां सम्मिलितुं जनसामान्यं प्रति आह्वानं कृतम्। लोकतन्त्रस्य संविधानस्य च रक्षणार्थं ये अग्रे आगच्छन्ति तेषां पुलिस-लाठि-भयस्य आवश्यकता नास्ति इति सः अवदत्। राहुलः एतस्य मार्गयात्रायाः वर्णनं न तु एकस्य राजनैतिकदलस्य प्रयासः, अपितु राष्ट्रस्य आत्मायाः रक्षणार्थं युद्धम् इति कृतवान्।

विपक्षस्य गठबन्धनम्, इंडिया-खण्डः-काङ्ग्रेस-पक्षस्य नेतृत्वे-अस्मिन् मार्च-माध्यमेन कथित-मत-चोरी-विषये बल-प्रदर्शनस्य सज्जतां कुर्वन् अस्ति परन्तु दिल्लीनगरस्य व्यापारिणः उत्सवस्य ऋतौ व्यापारिकक्रियाकलापं बाधितुं शक्नोति इति चिन्ताम् उद्धृत्य सभायाः तिथौ परिवर्तनं कर्तुं अनुरोधं कृतवन्तः। फलतः प्रस्तावितं पदयात्रां परितः राजनैतिक-उत्साहस्य पार्श्वे व्यापारे तस्य सम्भाव्यप्रभावस्य विषये चिन्ता वर्धमाना अस्ति।

राहुलगान्धी अपि छात्राणां कृते आह्वानं करोति यत् ते अस्मिन् मार्गयात्रायां सम्मिलिताः भवेयुः सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स इत्यत्र साझां कृते विडियो सन्देशे राहुलगान्धी इत्यनेन प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी, केन्द्रीयगृहमन्त्री अमितशाहः, मुख्यनिर्वाचनआयुक्तः ज्ञानेशकुमारः च विशेषतया उल्लेखः कृतः। छात्रसङ्घटनानाम् अपि आह्वानं कृतवान् यत् ते स्वराजनैतिकविचारधाराः त्यक्त्वा लोकतन्त्रस्य



रक्षणार्थं एकीभवन्तु। राहुलस्य मते जनानां अभिव्यक्तिस्वातन्त्र्यस्य, विचारस्य, चिन्तनस्य च स्वतन्त्रतायाः उपरि आक्रमणं प्रचलति।

३० अक्टोबर् दिनाङ्के खरगे इत्यस्य निवासस्थाने प्रतीकात्मकः कार्यक्रमः भविष्यति काङ्ग्रेसेन भारतखण्डेन च मुख्यनिर्वाचनआयुक्तस्य ज्ञानेशकुमारस्य विरुद्धं ३० अक्टोबर् दिनाङ्के प्रतीकात्मकं महाभियोगशैल्याः आयोजनस्य योजना कृता अस्ति। काङ्ग्रेसस्य दावानुसारं आयोजनस्य अनुमतिः अङ्गीकृता-प्रारम्भे अशोकहोटेले तदनन्तरं रामलीला मैदाने च। अधुना काङ्ग्रेसस्य अध्यक्षस्य मल्लिकार्जुनखर्गे इत्यस्य निवासस्थाने तस्य आतिथ्यं कर्तुं योजना प्रचलति। निर्वाचनसूचीनां विशेषसघनपुनरीक्षणम् अनियमितानां आरोपं कृत्वा विपक्षः मुख्यनिर्वाचनआयुक्तस्य त्यागपत्रस्य आग्रहं कुर्वन् अस्ति। दीपावली व्यापार पर प्रभाव पर चिंतित व्यापारी व्यापार-उद्योगसङ्घस्य अध्यक्षः बृजेशगोयलः राहुलगान्धी इत्यस्मै आह्वानं कृतवान् यत् सः मार्च-यात्रायाः समयं नवम्बर्-मासस्य १० दिनाङ्कात् परं पुनः निर्धारयतु ।सङ्गठनस्य अनुसारं रामलीला-मैदानस्य पञ्चकिलोमीट-त्रिज्यायाः अन्तः प्रायः २० प्रमुखाः विपणयः सन्ति रैली-काले सम्भाव्ययान-प्रतिबन्धाः, भीडाः च उत्सव-ऋतौ शॉपिङ्ग-व्यापार-क्रियाकलापं बाधितुं शक्नुवन्ति। व्यापारिणः दर्शयन्ति यत् दीपावली-नगरस्य परितः विपण्येषु पदानुक्रमः महतीं वर्धते; अतः सभायाः स्थगनेन वाणिज्यिकक्रियाकलापानाम् उपरि किमपि प्रतिकूलप्रभावं न्यूनीकर्तुं साहाय्यं कर्तुं शक्यते।

मार्गदर्शिकाः बोधयन्ति

प्रतिवेदनं तथ्येषु आधारितं भवितुमर्हति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

एतेन पुलिसस्य प्रशासनस्य वा कायार्णां समीक्षात्मकं प्रतिवेदनं न बाधितम्। मार्गदर्शिकाः बोधयन्ति यत् प्रतिवेदनं तथ्येषु आधारितं भवितुमर्हति तथा च संवेदनशीलसूचनाः-ये तत्कालं सुरक्षाजोखिमं जनयितुं शक्नुवन्ति-प्रसारणं न कर्तव्यम् इति। आहतानाम् नाबालिकानां च पहिचानस्य विषये विशेषसावधानी भवतु। मार्गदर्शिकासु फोटोग्राफं गृह्णन् अथवा नाबालिगानां, दुर्बलव्यक्तिनां, आहतानाम्, निजीनागरिकाणां वा परिचयं प्रकाशयन् अतिरिक्तसावधानीयाः सल्लाहः दत्तः अस्ति पत्रकारैः विचारणीयं यत् किं छायाचित्रस्य, भिडियोस्य, परिचयस्य प्रकाशनेन सम्बन्धितव्यक्तिः प्रतिकारस्य, उत्पीडनस्य, अन्यस्य वा हानिकारकस्य सम्मुखीभवितुं शक्नोति वा। व्यक्तिस्य गोपनीयतायाः, गौरवस्य च सम्मानः अपि उत्तरदायीपत्रकारितायाः अत्यावश्यकः घटकः अस्ति। आहतस्य व्यक्तिस्य प्रतिबिम्बं प्रकाशयितुं वा संवेदनशीलपरिस्थितौ नागरिकस्य परिचयं प्रकाशयितुं वा सम्भाव्यपरिणामानां विषये विचारः महत्त्वपूर्णः अस्ति परिषद् इत्येनेन अपि उक्तं यत् विशिष्टानि दृश्यानि सुरक्षितुं दबावः, लाइव प्रसारणस्य आग्रहः, उपकरणेषु निवेशः वा कदापि पत्रकारानां सुरक्षायाः अपेक्षया प्राधान्यं न प्राप्नुयात्।

जबलपुरे कलेक्ट्रेटे कोटवाराः ग्रामरक्षकाः विरोधं कुर्वन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरे अद्य कोटवारसंघ ग्रामरक्षकसङ्घः इत्यनेन सह सम्बद्धाः ५० तः अधिकाः पुरुषाः महिलाः च कलेक्ट्रेटसङ्कुलस्य सम्मुखे सशक्तं, प्रतीकात्मकं विरोधं कृतवन्तः। संघेन स्पष्टा चेतावनी जारीकृता अस्ति यत् यदि तेषां माङ्ग्ल्याः यावत् सन्तोषजनकरूपेण सम्बोधनं न भवति तर्हि ते ३१ अक्टोबर् तः आरभ्य राज्यस्य राजधानी भोपाले अनिश्चितकालं यावत् सत्यग्रह (अहिंसकविरोधः) प्रारभन्ते। 'मध्यप्रदेश आजाद कोतवार कर्मचारी संघ' इत्यनेन सर्वकाराय एकं ज्ञापनपत्रं प्रदत्तम्-तहसीलदार मार्गेण मार्गितं---स्वस्य प्राथमिकमागधानां रूपरेखां कृत्वा।

राशिफल

मेष : मन थोड़ा भारी रह सकता है और आसपास का माहौल भी ठीक नहीं लगेगा। लेकिन यह वक्त खुद को समझने का है।

वृषभ : आपको थकान और भावनात्मक उलझन महसूस हो सकती है। छोटी बात भी बड़ी लग सकती है। ऐसे में खुद को थोड़ा स्पेस दें।

मिथुन : दिन अच्छा और पॉजिटिव रहेगा। मेहनत का असर दिखेगा। परिवार या पुराने दोस्तों से बात करके मन खुश होगा।

कर्क : आपको लग सकता है कि चीजें आपके कंट्रोल से बाहर जा रही हैं। मन थोड़ा बेचैन रह सकता है।

सिंह : अपनों से बात करने का मन करेगा और रिश्तों में नजदीकियां बढ़ेंगी। पुरानी गलतफहमियां दूर हो सकती हैं।

कन्या : मन थोड़ा डगमगाया हुआ रह सकता है। कभी ज्यादा सोचेंगे, कभी खुद पर शक करेंगे।

तुला : मन थोड़ा उलझा रह सकता है। कुछ बातें अंदर ही अंदर परेशान कर सकती हैं। हर किसी से तुरंत उम्मीद न रखें।

वृश्चिक : घर-परिवार या दोस्तों के साथ समय बिताने से मन हल्का रहेगा। अगर किसी से मनमुटाव चल रहा था तो बात बन सकती है।

धनु : आप काफी संतुलित महसूस करेंगे। बातचीत में समझदारी रहेगी और लोग आपकी बातों को महत्व देंगे।

मकर : आप खुद को अच्छा, कॉन्फिडेंट और हल्का महसूस करेंगे। लोग आपकी बात सुनेंगे और आपकी मौजूदगी नोटिस होगी।

कुंभ : मन और शरीर दोनों थोड़ा साथ नहीं दे सकते। छोटी-छोटी बातों पर मन भारी हो सकता है।

मीन : मूड अच्छा रहेगा और भीतर से एनर्जी महसूस होगी। जो काम काफी समय से मन में था, उस पर आज कदम बढ़ा सकते हैं।

आखिरी 3 मिनट में जीता मुकाबला, 4 साल पहले पिता को खोया, पर उनका सपना पूरा किया

मनीषा विमेंस वर्ल्ड रेसलिंग जीतने वाली पहली भारतीय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कजाकिस्तान

मनीषा भानवाला विमेंस वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उन्होंने शुक्रवार को कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में अमेरिका की एबिगेल नेट को 59 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में 8-6 से हराया।

29 साल की मनीषा मुकाबले के एक समय 1-5 से पीछे थीं। लेकिन उन्होंने आखिरी 3 मिनट में 7 पॉइंट हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ मनीषा ने अपने पिता सुरेश का सपना पूरा किया। उनके पिता चाहते थे कि बेटी एक दिन वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियन बने। 17 अप्रैल 2022 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था।

39 साल बाद मिला गोल्ड- महिला कुश्ती की पहली वर्ल्ड चैंपियनशिप 1987 में हुई थी। 2021 में अंशु मलिक ने पहली बार किसी भारतीय महिला पहलवान के तौर पर वर्ल्ड चैंपियनशिप का फाइनल खेला। उन्होंने सिल्वर जीता। इस बार भी भारत को एक साथ दो गोल्ड जीतने के मौके मिले थे। 50 किलोग्राम में नीलम सिरोही और 76 किलोग्राम में काजल ढोचक फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन दोनों को सिल्वर से संतोष करना पड़ा। इससे पहले सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए गोल्ड जीतने वाले एकमात्र पहलवान सुशील कुमार थे। उन्होंने 2010 में यह उपलब्धि हासिल की थी।

फाइनल तक का सफर भी रहा दमदार- 59 किलोग्राम वर्ग में मनीषा ने फाइनल तक पहुंचने के लिए लगातार तीन मुकाबले जीते। कनाडा की लॉरेंस ब्यूरेगार्ड को उन्होंने पिनफॉल से हराया। क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया की बोलोरतुया खुरेलखू को 6-0 से मात दी। इसके बाद सेमीफाइनल में मेजबान कजाकिस्तान की अल्टिन शागायेवा को 10-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।



पिता की मौत के 24 घंटे बाद एशियन चैंपियनशिप जीती थी

मनीषा के कुश्ती में आने की शुरूआत उनके पिता सुरेश की वजह से हुई थी। 2013 में उन्होंने बेटी को फिटनेस सुधारने के लिए कुश्ती के ट्रेनिंग कैंप में भेजा था। धीरे-धीरे कुश्ती मनीषा के लिए फिटनेस से आगे बढ़कर करियर बन गई। इस सफर में रोहतक का छोटूराम अखाड़ा और कोच मंदीप सिंह अहम रहे। मनीषा ने जापानी कोच कोसेई अकाइशी के मार्गदर्शन में भी अपनी कुश्ती की तकनीक पर काम किया। 2022 में पिता के निधन के 24 घंटे बाद ही मनीषा ने एशियन चैंपियनशिप खेली और गोल्ड मेडल जीती।

एशियन गेम्स में हार के बाद बदला वजन वर्ग

मनीषा के लिए 2026 का साल आसान नहीं रहा। एशियन गेम्स में उन्होंने 57 किलोग्राम वर्ग में हिस्सा लिया था। क्वार्टर फाइनल में उन्हें जापान की अकारी फुजिनामी से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए उन्होंने 59 किलोग्राम वर्ग चुना। इससे पहले वह 62 किलोग्राम में भी खेल चुकी थीं।

ज्योतिष/वास्तु

ज्योतिष शास्त्र में लक्ष्मी नारायण योग को बेहद शुभ

नवंबर में इन 3 राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन



ज्योतिष शास्त्र में लक्ष्मी नारायण योग को धन, सुख-समृद्धि और सौभाग्य का कारक माना जाता है। बुध और शुक्र की युति से बनने वाला यह योग नवंबर में कुछ राशि वालों के लिए शुभ रह सकता है।

ज्योतिष शास्त्र में लक्ष्मी नारायण योग को बेहद शुभ माना जाता है। इसे धन, सुख-समृद्धि, सफलता और सौभाग्य से जोड़कर देखा जाता है। मान्यता है कि, जब बुध और शुक्र एक ही राशि में विराजमान होते हैं, तो लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होता है। इस समय बुध तुला में विराजमान हैं और शुक्र भी इसी राशि में गोचर कर रहे हैं। ऐसे में दोनों ग्रहों की युति से लक्ष्मी नारायण योग बन रहा है, जिसका शुभ प्रभाव पूरे नवंबर बना रह सकता है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान कुछ राशि वालों को धन लाभ, करियर में तरक्की और नए अवसर मिलने की संभावनाएं हैं। आइए जानते हैं कि किन राशियों के लिए यह समय अनुकूल रह सकता है।

कर्क राशि- कर्क राशि वालों के लिए नवंबर का महीना शुभ परिणाम लेकर आ सकता है। नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिलने के साथ तरक्की के अवसर बन सकते हैं। आय बढ़ाने के नए रास्ते मिल सकते हैं और धन से जुड़ी योजनाओं में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। कारोबारियों के लिए यह समय अपने काम का विस्तार करने वाला होगा। किसी के साथ हुई मित्रता प्रेम संबंध में बदल सकती है। नौकरी बदलने की तैयारी कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। आपको कार्यक्षेत्र में अपनी मेहनत का पूरा लाभ मिलने के साथ मान-सम्मान भी प्राप्त हो सकता है।

तुला राशि- तुला राशि वालों के लिए यह समय अनुकूल रह सकता है। कारोबार से जुड़े लोगों को अपनी योजनाओं से लाभ मिल सकता है। पारिवारिक समस्याओं का समाधान खोजने में कामयाब हो जाएंगे। कारोबार से जुड़े लोगों के लिए नवंबर का महीना प्रगति के नए रास्ते खोल सकता है। किसी बड़ी डील के फाइनल होने से आर्थिक लाभ मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं और धन लाभ के कई अवसर मिल सकते हैं। आपको कोई नया अवसर मिल सकता है, जो भविष्य में तरक्की के रास्ते खोलने में मददगार साबित होगा।

मीन राशि- मीन राशि वालों के लिए लक्ष्मी नारायण योग लाभ के अवसर लेकर आ सकता है। भूमि-भवन से जुड़े विवादों का समाधान निकलने की भी संभावना है। नौकरी करने वाले जातकों को नई जिम्मेदारियां मिलने के योग बन सकते हैं। आर्थिक मोर्चे पर स्थिति पहले से बेहतर होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना हो सकती है और मान-सम्मान में वृद्धि के योग बन सकते हैं। करियर-कारोबार के सिलसिले में की गई यात्राएं सफल साबित होंगी। व्यवसाय से जुड़े लोग बड़ी कारोबारी डील कर सकते हैं।

भारत के खिलाफ सबसे बड़ा टी-20 स्कोर बना

न्यूजीलैंड से सबसे बड़ी हार मिली, फिलिप्स ने लगातार 4 छक्के लगाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ऑकलैंड

न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में भारत को 87 रन से हरा दिया। ऑकलैंड में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 259 रन बनाए। यह टी-20 में भारत के खिलाफ किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। इसके साथ ही भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे बड़ी हार भी झेलनी पड़ी। शतक लगाने वाले ग्लेन फिलिप्स ने नीतीश रेड्डी के ओवर में लगातार 4 छक्के लगाए।

न्यूजीलैंड ने 7 विकेट पर 259 रन बनाए- न्यूजीलैंड ने 259/7 का स्कोर बनाया। यह टी-20 में भारत के खिलाफ किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले इंग्लैंड ने इसी साल साउथैम्पटन में 3 विकेट पर 257 रन बनाए थे।

भारत की टी-20 में दूसरी सबसे बड़ी हार- भारत को ऑकलैंड में 87 रन से हार मिली। यह टी-20 इंटरनेशनल में रनों के लिहाज से भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार है। इससे पहले टीम को 2022 में इंग्लैंड में 125 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा टी-20 स्कोर- न्यूजीलैंड ने टी-20 में अपना सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया। इससे पहले टीम ने 2022 में स्कॉटलैंड के खिलाफ 5 विकेट पर 254 रन बनाए थे।



अर्शदीप सिंह 150 टी-20 विकेट लेने वाले पहले भारतीय- अर्शदीप ने टी-20 इंटरनेशनल में 150 विकेट पूरे किए। वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय बने। उन्होंने इसके लिए 2,143 गेंदें डाली। यह तीसरा सबसे तेज 150 विकेट है। वानिंदु हसरंगा 2,035 गेंदों के साथ पहले स्थान पर हैं।

अर्शदीप सिंह एक साल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज- अर्शदीप ने इस साल टी-20 इंटरनेशनल में 40 विकेट लिए। वे फुल मेंबर देशों में एक साल में सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड आयरलैंड के जोश लिटिल के नाम था, जिन्होंने 2022 में 39 विकेट लिए थे।

न्यूजीलैंड ने इस साल भारत के खिलाफ 2,012 रन बनाए- न्यूजीलैंड ने इस साल सभी इंटरनेशनल मैचों में मिलाकर भारत के खिलाफ 2,012 रन बनाए। यह एक साल में किसी एक टीम के खिलाफ तीसरा सबसे ज्यादा रन है। इस लिस्ट में कंबोडिया 2,109 रन के साथ पहले और भारत 2,075 रन के साथ दूसरे नंबर पर है।

न्यूजीलैंड ने आखिरी 10 ओवर में 150 रन बनाए- न्यूजीलैंड ने 11 से 20 ओवर के बीच 150 रन बनाए। यह आखिरी 10 ओवर में भारत के खिलाफ किसी टीम का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 2022 में गुवाहाटी के मैदान पर भारत के खिलाफ 151 रन बनाए थे।

सैंटनर भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टी-20 विकेट लेने वाले गेंदबाज- मिचेल सैंटनर ने भारत के खिलाफ टी-20 में 32 विकेट लिए हैं। वे भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के ही ईश सोढ़ी हैं, जिनके नाम 30 विकेट हैं।

सूर्यवंशी, अभिषेक, ईशान को वनडे में शामिल करें: युवराज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रावलपिंडी

पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और वैभव सूर्यवंशी को वनडे टीम में शामिल करने की पैरवी की है। उन्होंने कहा कि इन्हें 50 ओवर क्रिकेट में मौका न देना उनके टैलेंट के साथ नाइंसाफी है।

युवराज ने कहा- जिस तरह ये खिलाड़ी प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें जल्द ही टीम में जगह मिलनी चाहिए। हालांकि उन्होंने माना कि शुभमन गिल, रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी में टॉप ऑर्डर में जगह बनाना आसान नहीं है।

अभिषेक-सूर्यवंशी ने बनाया पावरप्ले का रिकॉर्ड- अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए टी-20 मुकाबले में रिकॉर्ड साझेदारी की थी। दोनों ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 118 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल के पावरप्ले में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। अभिषेक ने इस मैच में 35 गेंदों पर शतक लगाया था। उनकी पारी की बदौलत भारत ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल की थी।

खबर एक नजर...

उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस मित्रों से मिले एसपी

उज्जैन। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम करछा मेले में पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस मित्रों से शुक्रवार को एसपी प्रदीप शर्मा ने पुलिस कंट्रोल रूम पर मुलाकात की और उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशंसा करते हुये उत्साहवर्धन किया। एसपी शर्मा ने सभी पुलिस मित्रों से भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा भावना, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते रहने की बात कहीं। उन्होने कहा कि पुलिस मित्रों का समर्पण, सहयोग पुलिस व्यवस्था को सुदृढ बनाने और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आगामी समय में सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन धार्मिक नगरी में होने वाला है। उस वक्त भी पुलिस मित्रों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। पुलिस मित्रों से हुई एसपी की मुलाकात के दौरान डीएसपी भारत यादव, नरवर थाना टीआई बल्लूसिंह मंडलोई भी मौजूद थे। उन्होने भी पुलिस मित्रों के सहयोग की प्रशंसा की।

बिहार की महिला श्रद्धालु के पैर पर चढ़ा ई-रिक्शा

उज्जैन। बिहार का रहने वाला परिवार शुक्रवार को महाकाल दर्शन करने उज्जैन आया था। शाम को दर्शन के बाद परिवार मंदिर से बाहर निकला था और क्षेत्र में घूम रहा था उसी दौरान मंदिर के पास ई-रिक्शा चालक ने परिवार की 74 वर्षीय उषादेवी पति श्याम बाबू के पैर पर रिक्शा चढ़ा दिया। वृद्धा घायल हो गई। परिवार लोगों की मदद से चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। वृद्धा को उपचार के लिये भर्ती किया गया है। मामले की सूचना मिलने पर महाकाल थाना पुलिस ने वृद्धा के परिजनों की शिकायत पर रिक्शा चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। घटना के बाद चालक रिक्शा लेकर भाग निकला था।

घर में मृत पड़ा मिला युवक, अटैक की आशंका

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र के संजय नगर में रहने वाला करण पिता किशोर मोरे 24 साल शुक्रवार को घर में मृत अवस्था में पड़ा मिला। परिजनों का लगा था कि वह सोया हुआ है। जब वह नहीं उठा तो उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। आशंका जताई गई कि युवक को हार्ट अटैक हुआ था। परिजनों ने बताया कि करण के माता-पिता उसके साथ नहीं रहते है। वह मामा के पास रहता था और रंगाई-पुताई का काम करता था। उसे शराब पीने की लत भी लग चुकी थी। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पायेगी।

हाथभट्टी की कच्ची शराब बेचने आया युवक पकड़ाया

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र के गरोठ बायपास ब्रिज के पास पिंगलेश्वर रोड पर हाथभट्टी से बनी कच्ची शराब बेचने की फिराक में आया युवक पुलिस की हिरासत में आ गया। उसने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया था, गिरने पर घायल हो गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि युवक प्रेम उर्फ हनी पिता दिनेश 22 साल निवासी गिरीराज रत्न कालोनी का रहने वाला है। उसके पास से प्लास्टिक की केन में भरी 5 लीटर शराब बरामद होने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में डकैती की योजना बनाने का प्रकरण भी दर्ज होना सामने आया है।

तारामंडल स्मार्ट रोड पर 2 कारों में हुई भिड़ंत

उज्जैन। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के तारामंडल स्मार्ट रोड पर इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा पर 2 कारों में भिड़ंत हो गई। एक कार में विकास पिता गोविंद यादव निवासी लालपुर नागझिरी और उसकी पत्नी किरण यादव सवार थी। दुर्घटना में किरण यादव घायल हुई है। दूसरी कार आदर्श पिता पूनमचंद्र यादव निवासी राजेन्द्र नगर नीलगंगा सवार था। दोनों ने एक-दूसरे पर लापरवाही से कार चलाने का आरोप लगाया। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर दोनों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार चौराहा पर लगे कैमरे देखे जायेगें उसके बाद आगे की विवेचना शुरू की जायेगी। दोनों की भिड़ंत में कारों का नुकसान हुआ है।

63 साल का वृद्ध लापता, अपहरण का दर्ज हुआ केस

उज्जैन। इंगोरिया के ग्राम बमनापाती में रहने वाला 63 वर्षीय वृद्ध हीरालाल पिता स्व. नाथु कोदिया 28 अक्टूबर की दोपहर घर से निकला था। जब शाम तक वापस नहीं लौटा तो पुत्र विक्रम ने पूरे गांव में तलाश शुरू की। 24 घंटे बाद भी पिता नहीं मिले तो थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। शुक्रवार शाम तक वृद्ध का पता नहीं चल पाया था।

दिन	779-3	149-4
मेन बाजार	334-0	256-3
मिलन डे	268-6	478-9
मिलन नाइट	480-2	389-0

2 3 6

आज से उज्जैन तहसील में बोमा लगाकर अफ्रीका की टीम के साथ हेलीकाप्टर से अभियान चलेगा

एक बार फिर नीलगाय-वन विभाग का सामना, इस बार दक्षिण अफ्रीका की टीम भी

जिला पंचायत, पुलिस, जिला पंचायत, राजस्व, स्वास्थ्य, लोनिवि, विद्युत कंपनी, पशु चिकित्सा सहित अनेक विभागों के सहयोग से होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिला मुख्यालय की तहसील पर एक बार फिर से नीलगाय और वन विभाग का आमना-सामना शनिवार से होने वाला है। इस बार वन विभाग की और से दक्षिण अफ्रीका की टीम हेलीकाप्टर के साथ मैदान में उतरेगी। इसके लिए तैयारियां जोरों पर है। 4 दिवसीय अभियान के लिए पूर्व से ही बोमा लगाने के स्थान और लोकेशन तय कर ली गई है।

मई 26 में वन विभाग ने नीलगायों को अपने स्तर पर पकड़ने के लिए अभियान चलाया था। उस दौरान कवायद की गई थी लेकिन विशेषज्ञों का अभाव एवं हेलीकाप्टर नहीं मिल पाने की वजह से नीलगाय पकड़ने का अभियान मात्र ईकाई के आंकड़े में सिमटकर रह गया था। जो नीलगाय पकड़ी गई थी वो भी ग्रामीणों के सहयोग से। इन्हें पकड़कर तत्कालीन रूप से गांधीसागर छोडा गया था। इससे पूर्व मंदसौर क्षेत्र में 2018-19 में अभियान चलाया गया था। अभियान में शिकारियों जाति के लोगों को भी शामिल किया गया था लेकिन सफलता दूर रही थी।

इन विभागों की रहेगी भूमिका- अभियान में पुलिस विभाग भीड़ नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था के लिए तैनात रहेगा। जिला पंचायत नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगी। राजस्व विभाग तहसील स्तर पर नोडल की भूमिका निभाते हुए कृषकों से समन्वय बनाएगा। स्वास्थ्य विभाग केप्चर स्थल पर स्वास्थ्य सुविधा, फर्स्ट एड, एंबुलेंस की सुविधा देगा। लोक निर्माण विभाग हेलीपेड के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं देगा। अक्षांश देशांश में समन्वय देगा। वैकल्पिक हेलीपेड स्थान का चिन्हांकन करेगा। विद्युत कंपनी अभियान के दौरान संबंधित क्षेत्रों में खेतों की विद्युत आपूर्ति बंद करेगा। पशु चिकित्सा विभाग बोमा स्थल पर पकड़े जाने वाले वन्य पशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण करेगा। जनपद पंचायत पंचायत प्रतिनिधियों से चर्चा कर ग्रामीणों का सहयोग सुनिश्चित करेगा।

ये रहेगी बोमा लोकेशन

शनिवार से 4 दिवसीय अभियान की शुरूआत होगी। उज्जैन तहसील के चिंतामन थाना अंतर्गत हासामपुरा, ब्रजराजखेड़ी, पंवासा थाना क्षेत्र के ताजपुर,नरवर थाना क्षेत्र के दताना हवाई पट्टी,केसूनी गांव के जंगल में बोमा लगाकर नीलगाय पकड़ने का अभियान शुरू होगा। इसके लिए बोमा की लोकेशन पूरी तरह से तय की जा चुकी है। अधिकांश बोमा उत्तर-पूर्व की अक्षांश-देशांश लोकेशन में ही लगाए जाना तय हुआ है।

गांधीसागर छोड़ेंगे- वन मंडलाधिकारी अनुराग तिवारी के अनुसार दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों के सहयोग से हेलिकॉप्टर एवं बोमा पद्धति के माध्यम से फसलों को क्षति पहुंचा रही नीलगाय को पकड़कर संरक्षित क्षेत्रों में बसाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शाजापुर में अभियान का प्रथम चरण में वन्य प्राणियों को स्थानांतरित किया गया था। अभियान का द्वितीय चरण उज्जैन में 31 अक्टूबर से 03 नवंबर तक चलाया जाना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत नीलगाय को गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य में स्थानांतरित करना प्रस्तावित है।

नीलगंगा पुलिस की रात को शास्त्रीनगर में दबिश

बिना लायसेंस के मकान में रखे थे लाखों के पटाखे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली से पहले जिले में अवैध पटाखों की ब्रिकी और भंडारण पर पुलिस और प्रशासन सख्त हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार रात नीलगंगा पुलिस ने एक मकान से बिना लायसेंस के संग्रहित कर रखे लाखों के पटाखे बरामद किये है।

नीलगंगा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि इवेंट मैनेजर का काम करने वाले सौरभ पिता जगदीश शर्मा के गली नम्बर 9 शास्त्रीनगर स्थित मकान में पटाखों का संग्रहण कर रखा गया है। छोटी सी गली क्षेत्र में बड़ा धमाका कर सकती है। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने एसआई भूपेन्द्र चौहान, प्रधान आरक्षक विरेन्द्र दुबे, आरक्षक लोकेन्द्र प्रजापत और टीम के साथ छापा मारा। मकान के एक कमरे में विस्फोटक पटाखों बड़ा स्टॉक रखा होना सामने आया। सौरभ शर्मा और उसके भाई शुभम शर्मा को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया तो पता चला कि पटाखे बेचने के लिये रखे



थे। पुलिस ने पटाखों से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा तो उसके पास ना तो दस्तावेज मिले ना ही पटाखा ब्रिकी का लायसेंस प्राप्त हुआ। पटाखों को जप्त की सील करने की कार्रवाई कर आदेश का उल्लघंन करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। पटाखों की कीमत 10 लाख रुपए से अधिक होना पाई गई है।

रिहाईशी इलाकों में पटाखे बेचे पर प्रतिबंध- प्रशासन और पुलिस दशहरा पर्व से ही रिहाईशी इलाकों और अवैध रूप से पटाखों की ब्रिकी पर प्रतिबंध लगा चुका है। कुछ दिन पहले जिले में पुलिस द्वारा दुकानों पर तलाशी अभियान चलाकर पटाखा कारोबारियों को नियमानुसार ही पटाखों का विक्रय करने की हिदायत दी थी और कार्बाइड गन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा होने के आदेश जारी कर दिये थे। कुछ दिन पहले जिले की बड़नगर तहसील में भी अवैध पटाखों का स्टॉक पुलिस ने बरामद किया था। माधवनगर थाना पुलिस ने भी एक झोपड़ी में से अवैध पटाखों को बरामद करने की कार्रवाई कर चुकी है।

एसपी बोले लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि हर थाना क्षेत्र में पुलिस टीम नजर बनाये हुये है। अवैध पटाखों का भंडारण और विक्रय की सूचना पुलिस को दें। आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है। दीपावाली का पर्व सुरक्षित और शांति के साथ मनाया जा सके इसके प्रयास पुलिस द्वारा किये जा रहे है। उन्होने कहा कि पटाखा कारोबारी भी नियमों और सुरक्षा मानको के अनुरूप कारोबार करें।

पत्नी की हत्या करने वाले पति को उम्रकैद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पत्नी की हत्या कर शव को छुपाने वाले पति को न्यायालय ने सुनवाई पूरी होने के बाद दोषी करार देते हुये उम्रकैद की सजा सुनाई है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी ने अपनी मां को बताया था। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम पालखंदा में मई 2023 को दीपाबाई पति विजय परमार की हत्या का मामला सामने आया था। पुलिस ने मृतका का शव उसके घर में बिस्तर पेटी से बरामद किया था। जांच में पति द्वारा हत्या किया जाना सामने आने पर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया था। 41 माह तक चली सुनवाई के बाद चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार बंसल ने फैसला सुनाते हुये पति विजय परमार को दोषी करार दिया और उम्रकैद की सजा सुनाई। प्रकरण में आरोपी को सजा करने में नोडल अधिकारी नरवर थाना प्रभारी बल्लू सिंह मंडलोई का सहयोग रहा। विदित हो कि घटनाक्रम के दौरान पुलिस जांच में पता चला था कि आपसी विवाद के बाद शराबी पति ने रात को कमरे में पत्नी दीपा के साथ मारपीट कर उसका गला दबा दिया था। पत्नी की मौत होने पर उसने शव को जलाने का प्रयास किया और बिस्तर पेटी में छुपा दिया था। दूसरे दिन शाम को उसने नशे में परिवार को दीपा के मरे की जानकारी दी, परिवार का शंक हुआ तो उसके कमरे की तलाशी ली, बिस्तर पेटी से दीपा का शव मिला था।

---

13 सालों से था फरार, 10 हजार का था इनाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राज्य स्तरीय एंटी नारकोटिक्कस अभियान में 13 सालों से फरार 10 हजार के इनामी आरोपी को माधवनगर पुलिस गिरफ्तार किया गया है। वर्ष 2013 में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मामला दर्ज हुआ था।

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि प्रदेश में राज्य स्तरीय एंटी नारकोटिक्स का विशेष अभियान शुरू किया गया है। जिसमें मादक पदार्थ पर अंकुश लगाने के साथ अवैध करोबार से जुड़े फरार आरोपियों, वारंटियों की धरपकड़ की जा रही है। शुक्रवार को एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में 13 सालों से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपी अरूण पिता किशोरीलाल रायकवार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी न्यायालय में चले रहे प्रकरण के दौरान उपस्थित नहीं हो



रहा था। उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी हो चुका था। आरोपी अशोक नगर का रहने वाला था, लेकिन 13 सालों से वह घर नहीं लौटा था। उसकी तलाश में कई ठिकानों पर दबिश दी जा चुकी थी। शुक्रवार को सूचना मिलने पर उसे घासमंडी चौराहा से एसआई धर्मेन्द्र तोमर, एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम, आरक्षक जीवन यादव की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

ट्रेक्टर ने बाइक सवारों को कुचला, एक की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उन्हेल-भैरवगढ़ मार्ग पर गुरूवार रात ट्रेक्टर ने बाइक सवार 2 दोस्तों को कुचल दिया। एक की मौके पर मौत हो गई। दूसरा गंभीर घायल हुआ है। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक की तलाश शुरू कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम गोयला मार्ग पर रात में बाइक सवार 2 युवकों को ट्रेक्टर ने कुचल दिया था। दुर्घटना के बाद चालक ट्रेक्टर लेकर भाग निकला था। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची तो एक की मौत होना सामने आया। दूसरा गंभीर घायल हुआ था। आसपास के गांव वाले भी एकत्रित हो गये थे, जिन्होने मृतक की पहचान श्रवण पिता भंवरलाल 25 साल और श्रवण पिता



हाकम सिंह 25 साल निवासी ग्राम गोयल के रूप में की। मृतक और घायल को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना की खबर मिलने पर दोनों के परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि दोनों दोस्त थे और शाम को बाइक से उज्जैन गये थे, लौटते समय दुर्घटना हुई है। दोनों साथ में मजदूरी करते थे और अविवाहित थे। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया। घायल को उपचार के निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई थी। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक की तलाश शुरू की है।

इधर अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबला में शुक्रवार देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी, जिसके प्रयास शुरू किये गये है। बाइक नम्बर से उसके परिजनों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल शव को अस्पताल भेजा गया है। पहचान होने पर शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

तीन युवकों के पास मिला मादक पदार्थ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एक बार फिर मादक पदार्थ के साथ 3 युवको को पकड़ा गया है। जिनके पास से बरामद गांजा और स्मैक 2.67 लाख का होना सामने आया। आरोपियों से पूछताछ कर मादक पदार्थ लाने के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

तराना पुलिस ने शुक्रवार तड़के प्रभात गश्त के दौरान कस्बे में बीएसएनएल टॉवर के पास से शोएब उर्फ गोलू टूटा पिता चांद खान 30 साल निवासी महावीर पथ तराना को मुखबीर की सूचना पर पकड़ा। उसके पास से तलाशी के दौरान 240 ग्राम गांजा बरामद हो गया। इससे पहले गुरूवार रात झारड़ा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर उज्जैन-गरोठ रोड स्थित अंडरब्रिज के पास घेराबंदी कर कृपाल पिता देवीसिंह 21 साल निवासी ग्राम कटारिया को गिरफ्तार कर उसके पास से 637 ग्राम गांजा जप्त किया गया। तीसरा मामला नागदा थाना क्षेत्र के पानी की टंकी के नीचे मुक्तेश्वर महादेव ग्राउंड से सामने आया। नागदा थाना पुलिस ने दबिश देकर मयंक पिता विरेन्द्र सिंह 26 साल निवासी रेलवे कॉलोनी नागदा को हिरासत में लिया। जिसके पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद की गई। तीनों मामलों में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 का प्रकरण दर्ज किया। नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि स्मैक के संबंध में जानकारी जुटाने के लिये आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा नशा मुक्त अभियान में अवैध मादक पदार्थ कारोबार से जुड़े आरोपियों की धरपकड़ लगातार की जा रही है। बुधवार-गुरूवार रात बड़नगर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान बिना नम्बर की बाइक पर सवार नासिर हुसैन को पकड़ा था। जिसके पास से 15 ग्राम स्मैक मिली थी। यहीं नहीं 27 अक्टूबर को चिमनगंज थाना पुलिस ने गरोठ मार्ग कार्मल कांवेंट स्कूल के पास से 20 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ मंदसौर के रहन वाले राकेश हिलोरिया को गिरफ्तार किया था।

रिमांड पर चलती कार में गैंगरेप का आरोपी



उज्जैन। इंदौर की युवती के साथ चलती कार में गैंगरेप का एक आरोपी गुरूवार रात पुलिस की हिरासत में आ गया था। जिसे शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर 7 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। आरोपी का साथी फरार है, जिसके संबंध में पूछताछ की जा रही है। नानाखेड़ा थाना पुलिस को 26-27 अक्टूबर की रात इंदौर की युवती ने अपने साथ चलती कार में सामूहिक रूप से 2 युवकों द्वारा गलत काम किये जाने की शिकायत दर्ज कराई। गलत का काम मुख्य आरोपी चक्रेश जैन निवासी जयसिंहपुरा और उसके दोस्त को बताया गया था। पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की थी। गुरूवार रात चक्रेश जैन को मंदसौर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उसके साथी का नाम राकेश पंथी सामने आया था। शुक्रवार को पुलिस ने चक्रेश को न्यायालय में पेश कर 7 दिनों की रिमांड पर लिया है। थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि आरोपी से पूछताछ कर उसके साथी की तलाश शुरू की गई और कार बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

चक्रवात अर्नब ने बदला मौसम का मिजाज अधिकतम तापमान में आई गिरावट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवात अर्नब ने पूरे प्रदेश के मौसम का मिजाज बदल दिया है। शुक्रवार को शहर का तापमान सामन्य से 2 डिग्री कम दर्ज हुआ। दिनभर आसमान में बादल छाये रहे और 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलती रही।

मौसम विभाग ने चक्रवात अनर्ब का असर 29 अक्टूबर से मध्यप्रदेश में दिखने का अलर्ट जारी कर दिया था, जो सटिक साबित हो रहा है। गुरूवार से मौसम का मिजाज बदलना शुरू हो गया था। शुक्रवार को सुबह से बादलों और सूरज के बीच लुकाछुपी का खेल शुरू हो गया था। हवा की गति दिन गुजरने के साथ 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की हो गई थी। स्थानीय शासकीय जीवाजी वेधशाला पर अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री कम 28 दर्ज किया गया। शाम ढलने के बाद गुलाबी ठंड महसूस होने लगी थी, घरों में पंखे की रफ्तार भी थम गई थी। आज शहर में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अब चक्रवात कमजोर होकर लो प्रेशर में बदल रहा है। जिसका प्रभाव उत्तर छत्तीसगढ़ में स्थिर है। इसके साथ दो ट्रफ लाइन उत्तर पश्चिम यूपी और अरब सागर से महाराष्ट्र तक है। सोमवार से मौसम साफ होने लगेगा और दिन-रात के तापमान में तेजी आ जायेगी। फिलहाल प्रदेश के कई जिलों में बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com